धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
22.09.2024

# खबर मन्त्र

* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 73 12



हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे : शाह

## न्यूज डायरी

### गिरिडीह में डोभा में डूबने से दो नाबालिगों की मौत

**गिरिडीह।** जिले के धनवार प्रखंड के घोड़तम्बा ओपी के बासगी गांव से एक किलोमीटर दूर शनिवार दोपहर में दो नाबालिगों की मौत डोभा में डूबने से हो गयी। मृतकों में बसागी गांव निवासी मोहम्मद सरफराज का बेटा मोहम्मद उमर और बलहरा निवासी मोहम्मद मनिरुद्दीन का बेटा महफूज है।


### फर्जी नौकरी करने पर पांच लोगों पर प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में शनिवार को दर्ज हुआ है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उनमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद का नाम शामिल है।

### श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव का आज आयेगा जनादेश

**कोलंबो।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए शनिवार सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हो गई। साल 2022 के सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है। राष्ट्रपति चुनाव 38 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघ, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा और वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच है।

### नहीं उड़ सका रक्षामंत्री राजनाथ का हेलीकॉप्टर



**पलामू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर समय पर टेक ऑफ नहीं कर सका। दोनों मंत्री शनिवार को 1 घंटे 10 मिनट तक गढ़वा जिले के नगर उंटारी अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म होने के कारण ऐसा हुआ। पांच बजकर 54 मिनट पर सड़क के रास्ते दोनों मंत्री वाराणसी रवाना हुए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ प्रॉब्लम के कारण सड़क मार्ग से जाना पड़ा।

### कैंसर से पीड़ित नक्सली जया मांझी का निधन

**रांची।** एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया मांझी की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। वह गॉल ब्लैडर के कैंसर से पीड़ित थी। उसका इलाज ओंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ अजीत कुशवाहा की यूनिट में चल रहा था। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि पहले उनको सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

## झारखंड में 823 केंद्रों पर पहले दिन की जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा संपन्न

# तीन संदिग्ध हिरासत में, खूंटी में छात्रों का आरोप- प्रश्न पत्र के खुले थे पैकेट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/धनबाद/रामगढ़।** झारखंड में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान धनबाद, रामगढ़ और खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में परीक्षा को प्रभावित करने के आरोप में संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया तो खूंटी में विरोध के स्वर फूटे, लेकिन जिला प्रशासन के स्तर पर उसे दबाने की कोशिश की गयी।

धनबाद शहर में 74 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में करीब 28 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां परीक्षा को प्रभावित करने के आरोप में दो संदिग्ध व्यक्तियों को धनबाद पुलिस ने हिरासत में लिया। इस संबंध में धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि लोहरदगा एसपी से सूचना मिली थी कि धनबाद में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को कुछ लोग प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

एसएसपी ने बताया कि इनके पास से तीन मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, तीन ब्लेंक चेक, 21 छात्रों का रोल नंबर, नाम और परीक्षा केंद्र का डिटेल बरामद हुआ है। उन्हें बताया कि हिरासत में लिये गए व्यक्तियों में एक बिहार के जहानाबाद और दूसरा बोकारो के गोमिया का निवासी है। पुलिस दोनों से पूछताछ शुरू कर चुकी है।

वहीं रामगढ़ पुलिस ने प्रश्न पत्र लीक करने के शक के आधार पर चंचल सिंह नामक युवक को हिरासत में लिया। जांच के दौरान पता चला कि चंचल सिंह भी एक परीक्षार्थी है और वह आरा जिले से परीक्षा देने आया है। उसके पास जेएसएससी परीक्षा का प्रवेश पत्र भी मिला और उसका सेंटर भुरकुंडा जुबली कॉलेज था। पुलिस हिरासत में चंचल को परीक्षा दिलाने ले जाया गया।

बता दें कि चंचल सिंह ने परीक्षा केंद्र से भागने की नाकाम कोशिश की। जब पुलिस ने उसे सुबह आठ बजे परीक्षा केंद्र के अंदर भेजा तो वह बैठकर अपना एग्जाम दे रहा था, लेकिन जैसे ही 11:30 बजे पहली पाली की परीक्षा खत्म हुई, भीड़ का लाभ उठाकर चंचल ने वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कुछ घंटे के बाद ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चंचल से भी पूछताछ कर रही है।

इधर, खूंटी के उर्सूलाईन कन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल में छात्रों ने पहली पाली के बाद काफी हंगामा किया। छात्रों का आरोप था कि परीक्षा के दौरान क्वेश्चन पेपर के पैकेट खुले थे। क्वेश्चव पेपर और ओएमआर शीट के नंबर भी अलग-अलग थे, लेकिन स्कूल में पदस्थापित मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों ने उनकी आबाज दबा दी। अभ्यर्थियों ने कहा वे इसे लेकर कोर्ट तक जायेंगे। वहीं, सरकारी सूत्रों का कहना है कि परीक्षा के दौरान कहीं भी किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात थे। कड़ी सुरक्षा और जांच पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को सेंटर के अंदर भेजा गया। अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच की जा रही थी। इसके बाद उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया।

## राज्यभर में इंटरनेट बंद करने पर हाईकोर्ट ने सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

**खंडपीठ ने कहा**

**किन परिस्थितियों में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है इस पर अदालत लेगी निर्णय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के लिए जस्टिस आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से जानना चाहा है कि परीक्षा के कारण 6 घंटे झारखंड में इंटरनेट सेवा क्यों बंद की गयी। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। व्यावसायिक सेवा, बैंकिंग सेवा, परिवहन सेवा आदि प्रभावित हुई है। इंटरनेट सेवा लोगों की मौलिक जरूरत में आती है। एक माह में अगर पांच परीक्षा होगी तो क्या पांच बार इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएगी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट इस विषय को देखेगी। किन परिस्थितियों में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है इस पर कोर्ट निर्णय लेगी।

दरअसल, बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने इंटरनेट सेवा बंद किये जाने के आदेश के बाद रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से एक्टिंग चीफ जस्टिस को पत्र लिखा था जिस पर सुनवाई हुई।

### आज फिर बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा निष्पक्ष और कदाचारमुक्त कराने को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में 21 और 22 सितंबर को सुबह 8 बजे से लेकर 1:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहने का गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। वहीं दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर रविवार की सुबह 7 बजे से इंटरनेट सेवा बंद कर दी जायेगी और दिन के 3 बजे के बाद ही इंटरनेट सेवा बहाल की जायेगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने पर्चा लीक को रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

## परिवर्तन यात्रा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# जेएमएम, कांग्रेस और राजद विकास के तीन स्पीड ब्रेकर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चतरा।** भाजपा के हजारीबाग प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत इटखोरी से करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेमंत सरकार को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में रोहिंग्या बांग्लादेशी घर और कागजात बना रहे हैं, इन्हें क्यों नहीं रोका जा रहा है? राहुल गांधी अमेरिका में भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं, सिख धर्मावलंबियों को भड़काने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इससे भारत की छवि धूमिल हो रही है। इन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। राजनीति, देश को बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए होती है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा नया इतिहास लिखेगी। उन्होंने कहा कि इस बार भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकिये। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद इस राज्य के विकास के तीन स्पीड ब्रेकर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो दोगुनी ताकत से विकास होगा। श्री सिंह ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। मोदी जी के नेतृत्व में वन नेशन वन इलेक्शन भी लागू होकर रहेगा। इससे पूरे देश में विकास की गति बढ़ेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी जी के दस वर्षों के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए।

वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आयी तो सबसे पहले मां भद्रकाली मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार करेगी, जिसे हेमंत सरकार ने रोक दिया है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आयी हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में आचार संहिता लग जायेगी, फिर भी हेमंत सरकार युवाओं को ठगने के लिए दौड़ करवा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के तर्ज पर प्रदेश की मां बहनों का सम्मान किया जाएगा

## एमएस रामचन्द्र राव झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुहर लगा दी है। जस्टिस एमएस राव की नियुक्ति की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

बता दें, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव का जन्म सात अगस्त, 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने एलएलबी की उपाधि उस्मानिया विश्वविद्यालय से 1989 में प्राप्त की थी। इसके बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एलएलएम की उपाधि प्राप्त की है। रामचंद्र राव को 29 जून, 2012 को कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया था। आंध्र प्रदेश का विभाजन होने पर उन्होंने तेलंगाना हाई कोर्ट का विकल्प चुना था। वहीं 12 अक्टूबर, 2021 को उनका तबादला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में किया गया था। न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने से पहले उन्होंने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में वकालत भी की।

## चुनाव की घोषणा के साथ ही लग जायेगी आचार संहिता

# विस चुनाव को लेकर कल रांची आयेगी चुनाव आयोग की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तारीखों की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी। चुनाव को लेकर तैयारी भी शुरू हो गयी है। इधर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने 23 सितंबर को भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आयेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे।

बताते चलें कि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आइजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने और मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी थी।




**एक ही जिले में तीन साल के अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मी बदले** : झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी। इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है। पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था। उसी आदेश के आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है। अब संभावना जतायी जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जायेगा।

# चैंबर चुनाव आज, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

**कार्यकारिणी समिति के लिए कुल 35 उम्मीदवार चुनाव में**

**3909 मतदाता चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 का चुनाव आज रविवार को गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा। मतदाता सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। 5 बजे तक कतार में खड़े होनेवाले मतदाता मतदान दे सकेंगे। इस बार कुल 3909 मतदाता चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे।

मतदाता सूची के अनुसार कुल 83 संबद्ध संस्थाएं हैं। संबद्ध संस्थाओं को दो वोट देने का अधिकार है। वहीं अन्य सभी मतदाताओं को एक वोट देने का अधिकार है। कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार हैं। प्रत्येक मतदाता को 21 उम्मीदवार का चयन करना है। कार्यकारिणी समिति के साथ ही पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी रविवार को ही मतदान स्थल पर होगा।

21 सितंबर से 30 दिन पूर्व बने लाइफ, कॉरपोरेट लाइफ और पैट्रोन सदस्य तथा 90 दिन पूर्व बने जेनरल एफिलियेटेड, कॉरपोरेट जेनरल कैटगरी के सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। मतदान से पूर्व कॉरपोरेट जेनरल, जेनरल और एफिलियेटेड बॉडी के सदस्यों का किसी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए। पूर्व की भांति इस चुनाव में सीए और सीएस एसोसिएशन का सहयोग रहेगा। मतदान के बाद देर रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा हो जायेगी। मतगणना के रिजल्ट से असंतुष्ट प्रत्याशी पुनर्मतगणना शुल्क के साथ 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक पुनर्मतगणना की अपील कर सकते हैं।

## तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के लिए राज्यों को परामर्श जारी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशा-निर्देशों और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त परामर्श जारी किया है। युवाओं में तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिवों ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त रूप से एक परामर्श जारी किया है। इस परामर्श में शिक्षण संस्थानों में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम- 2003 के प्रावधानों के अनुरूप तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के मैनुअल के सख्त क्रियान्वयन का आह्वान किया गया है। वहीं युवाओं को तंबाकू की लत के खतरों से बचाने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 69300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 90000 रु./प्रति किलो |




**अलविदा रवि** लंग्स कैंसर से पीड़ित पत्रकार जिंदगी जीने की देते रहे प्रेरणा

# पत्रकारिता जगत ने प्रतिभावान साथी को खो दिया, यह पीड़ादायक क्षण: मुख्यमंत्री

**रवि प्रकाश के पुत्र प्रतीक ने दिवंगत पिता को हरमू मुक्तिधाम में मुखाग्नि दी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में सीएम हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. रवि प्रकाश के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का निधन काफी पीड़ादायक है। यह पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके बारे में जितना कहा जाये, वह कम होगा। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों के प्रति उन्होंने अपनी संवेदनाएं प्रकट की। श्री सोरेन ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। सीएम ने रवि प्रकाश के पिता और पत्नी को ढांढस भी बंधाया। इससे पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, सांसद महुआ मांझी, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, समाजसेवी रमेश सिंह समेत कई लोगों ने श्रद्धांजलि दी। रांची प्रेस क्लब कमेटी के अध्यक्ष, सचिव सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी और कई पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।





## दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड की धूम

# 30 से अधिक कंपनियों ने झारखंड में निवेश की जतायी इच्छा : सुशांत

**फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में लगभग 1000 करोड़ रुपये की निवेश की संभावना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड पवेलियन में आने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों ने झारखंड में निवेश को लेकर इच्छा जतायी है। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड में निवेश के लिए 30 से अधिक कंपनियों ने निवेश की इच्छा जतायी है। इससे झारखंड में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में लगभग 1000 करोड़ रुपये की निवेश की संभावना है तथा इससे तकनीकी आदान प्रदान एवं सहभागिता भी बढ़ेगी। इसके अलावा इससे 5000 से अधिक लोगों को आजीविका उपार्जन में मदद मिलेगी। श्री गौरव ने कहा कि इससे आधारभूत संरचना में विकास एवं सप्लाई चेन में भी मजबूती आयेगी।

### इन कंपनियों ने निवेश की जतायी इच्छा

अमूल, एफसपीओ बगीना, सविष्णु हरि हरि बोल, विस्ता फूड, फूड चेन आईडी सांझ, आयस्टो एनर्जी, बाडगो, होरिका एक्स्पो, कांजी मंजरी प्योर ऑर्गेनिक फूड, बजाज फूड्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, रामांजलि ऑर्गेनिक, लीगल किचेन फूड्स लिमिटेड, कलमा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, टेंजेंट ओवरसीज, इनोवेटिव फूड्स, प्रो एग्रो, प्राइम फूड्स, जे एम गाउरमेट आदि।

**राज्यपाल ने झारखंड पैवेलियन का किया अवलोकन :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नयी दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल-2024 में झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का वर्ल्ड फूड इंडिया की अच्छी पहल है।

# झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ पर भाजपा उठायेगी सख्त कदम : राजनाथ सिंह

- भाजपा सत्ता में आएगी तो विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएगी : शिवराज सिंह चौहान
- हेमंत सोरेन सरकार ने वादे तोड़े, अब जनता चाहती है परिवर्तन : बाबूलाल मरांडी





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के दूसरे दिन देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के श्री बंशीधर नगर में परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले श्री बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और उसके बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

**आदिवासी युवाओं की वीरता की सराहना :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में आदिवासी युवाओं की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा, झारखंड के आदिवासी युवा देश की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाकर सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। वे बहुत बहादुर होते हैं और हमें उन पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड राज्य को बने 24 वर्ष हो गए हैं और आगामी 15 नवंबर को यह अपनी रजत जयंती मनाएगा। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड के सभी लोगों को बधाई दी।

**राहुल गांधी और घुसपैठ पर निशाना :** राहुल गांधी की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं, जबकि झारखंड जैसे राज्यों में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ कर रहे हैं। यह घुसपैठ यहां की जनसांख्यिकी को बदलने का प्रयास है, और हम इसे सहन नहीं करेंगे। भाजपा की सरकार बनते ही इस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

**बीजेपी सरकार आयी तो रूके हुए विकास कार्य में आऐगी तेजी :** जनसभा में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सबसे पहले राज्य में रुके हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

बाबूलाल मरांडी ने वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब परिवर्तन चाहती है और भाजपा की यह यात्रा उसी बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही और पूर्व सांसद सुनील सिंह समेत कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे और यात्रा को संबोधित किया।

### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज झुमरी तिलैया और गढ़वा में करेंगे सभा

**रांची।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत 11:00 बजे से झुमरी तिलैया के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, शिवेंद्र नारायण सिंह और कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी भी मौजूद रहेंगे। श्री मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत रंका के हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2:30 बजे से आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। रंका में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो भी मौजूद रहेंगे।

### परिवर्तन यात्रा के उद्देश्य

भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ, और विकास कार्यों की विफलता के खिलाफ एक आंदोलन है। इसका उद्देश्य राज्य में सुशासन और विकास को गति देना है।

## विधायक से पार्टी ने लिखित में पूछा

# इस बार चुनाव लड़ेंगें तो क्यों आखिर आपको टिकट क्यों दें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विभिन्न पार्टियों के द्वारा विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी सीट पर किये गये दावों के बाद पार्टी प्रत्याशियों की ताकत जानने की कोशिश में जुट गयी है। कई क्षेत्रीय पार्टियों ने तो अपने-अपने क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए ताल भी ठोंक दिया है। इन्हीं चुनावी समर के होने से पूर्व पार्टी आलाकमान के द्वारा चुनाव लड़ने के लिए लिखित रूप में देने के लिए कहा है।

ऐसी ही स्थिति रांची के एक सीटिंग सीट की है। जहां वर्तमान विधायक ने पिछले चुनाव में पार्टी को यह बताया था कि यह चुनाव उनका अंतिम बार है, लेकिन अब उनके स्वास्थ्य ठीक हो गये हैं तो इस बार भी कोशिश में हैं कि पार्टी उन्हें इस बार फिर से मौका दें। अब विधायक जी सोच में पड़ गये हैं कि जब उन्होंने कई बार अपना परफार्मेंस दिया, वैसी स्थिति में पार्टी के द्वारा ऐसा क्यों पूछा गया।

### पार्टी के कार्यकर्ता भी इस बार सिंबल पाने की जदोजहद में

इस बीच पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने अपने दिल की बात सामाजिक तौर पर की है। इनमें एक महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं, जो केरल से संबंध रखती हैं। दूसरे रांची में जिम्मेवार पद पर रह चुके हैं, तीसरा वर्तमान में धार्मिक, सामाजिक तौर पर मजबूत है और वह अपनी दावेदारी पेश कर रहा है। पार्टी में कुछ पुराने कार्यकर्ता भी हैं, जो इस चुनावी समर में सिंबल पाकर विधानसभा की चौखट में जाना चाहते हैं। सूचना मिल रही है कि एक प्रत्याशी के लिये एक सांसद भी जुटे हुए हैं। वे दिल्ली में टिकट उसे मिले, इसके लिये प्रयासरत हैं।

# राजस्थान की कलाकृतियों के साथ-साथ काल्पनिक राज दरबार का प्रारूप भक्तों को लुभायेगा

- भारतीय युवक संघ बकरी बाजार का पंडाल लगभग 100 फीट चौड़ा, 110 फीट लंबा, और 75 फीट ऊंचा होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



### भारतीय युवक संघ के पदाधिकारीयों की सूची

संरक्षक : निर्मल जालान, शंभू दयाल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, अध्यक्ष : राहुल अग्रवाल उपाध्यक्ष : रमेश खेमका, बिनोद छापड़िया, मदन बगड़िया, सुरेश भगत, अरविंद चौधरी, रवि रोहत्गी, सचिव : निर्मल मोदी, सहसचिव : रमेश अग्रवाल, किशन मोदी, कमल जलान (बंकट), अमर पोद्दार, मुकेश जालान, कोषाध्यक्ष : सत्येंद्र जलन (मंटू) सहकोषाध्यक्ष : संजय चौधरी, ललित सोढाणी, प्रवक्ता : अमित प्रकाश बजाज, सहप्रवक्ता : सौरभ चौधरी, दीपक गोयनका

**रांची।** भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार द्वारा विगत 66 वर्षों से प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गा पूजा पूरे झारखंड में अपने भव्यता एवं आलौकिकता के लिए जाना जाता है। संस्था के सभी 121 सदस्य इस कार्य में विगत 2 महीने से जुटे हैं।

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार द्वारा मां भवानी के भक्तो के लिए राजस्थान की कलाकृतियों को दिखाते हुए एक काल्पनिक राजदरबार का प्रारूप बनाया जा रहा है। पंडाल लगभग 100 फीट चौड़ा, 110 फीट लंबा, और 75 फीट ऊंचा होगा। पंडाल का प्रारूप कुछ ऐसा बनाया गया है कि मैदान में घुसते ही लोगों को मां भवानी के दर्शन हो जाएंगे। पंडाल के निर्माण लोहे के स्ट्र^र में किया जा रहा है। डिजाइन की कारीगरी में कपड़ा, रबर शीट, लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। लकड़ी की बड़ी बड़ी पुतले भी पंडाल सजाने के काम में लाई जाएंगे। इस पंडाल का निर्माण बंगाल के पूजा के मशहूर आर्टिस्ट गोरांगो क्वेुल्लि की देख रेख में किया जा रहा है।

**मां की मूर्ति भी अपने आप में खास है :** इस बार की मूर्ति भी अपने आप में खास है। भव्य मूर्ति के लिए बकरी बाजार को जाना जाता है और इस बार भी मूर्ति बहुत भव्य होगी क्योंकि मूर्ति के साज सज्जा में इस बार विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बार मां के गहने स्वर्ण जारित बनाए जा रहे है।

**भव्य प्रकाश की व्यवस्था :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। पूरे पूजा परिसर एवं पूजा प्रांगण पहुंचने के सभी मार्ग में पर्याप्त रोशनी की उत्तम व्यवस्था करने की कोशिश संघ के द्वारा की जा रही है।

**सुरक्षा पर विशेष ध्यान :** सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए संघ द्वारा अपने स्तर पर सभी भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। संघ द्वारा प्राइवेट सिक्योरिटी के 30 गार्ड हर समय भक्तों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे साथ ही पूरे मैदान एवं पंडाल में 50 सीसीटीवी कैमरा के द्वारा नजर रखी जाएगी। संघ के द्वारा मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की 24 घंटा की व्यवस्था की गई है।

**बच्चों के लिए झूले :** मेले में कई तरह के झूले के साथ-साथ कई स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं मेले में भक्तों के लिए कई तरह के खाने पीने के लिए स्टॉल के इंतजाम किया गया है। मेले में खाने-पीने के कई तरह के शुद्ध व्यंजन संस्थान के द्वारा ही किया जा रहा है।

# जेसीइआरटी की साप्ताहिक प्रोजेक्ट रेल परीक्षा छात्रों के लिए बोझिल व ऊबाउ : नसीम अहमद

- प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के छात्रों की परीक्षा सिर्फ खानापूर्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### निराकरण

प्रत्येक माह में अधिकतम दो बार रेल टेस्ट परीक्षा हो। चूंकि शिक्षकों की कमी है और एक वर्ग कक्ष में कई कक्षा के छात्र बैठते है इसलिए प्रश्नों की संख्या अधिकतम 5 हो। गणित के अलावे और किसी भी विषय के प्रश्नों में चित्र वाला प्रश्न नही रहे और ऑनलाइन अंक दर्ज करने की जिम्मेदारी प्रखण्ड संसाधन केंद्र को दिया जाए । वहां पर संसाधन मौजूद के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त है । बाकी प्रदेश के विद्यालयों में यह सुविधा नहीं है।

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि जेसीईआरटी द्वारा प्राथमिक व मध्य विद्यालय के छात्रों के लिए साप्ताहिक जांच रेल परीक्षा बोझिल व उबाव साबित हो रहा है। इसके कई कारण है यह परीक्षा पंद्रह दिनों में होता तो शायद छात्रों सहित शिक्षको का भी उत्सुकता व गुणवता भी बढ़ता, प्रत्येक सप्ताह में परीक्षा होने से छात्रों की पढ़ाई भी पूरी नही हो पाती , प्रशन भी विषय से बाहर के होते है। ऐसे में परीक्षा तो सिर्फ खानापूर्ति के अलावा कुछ भी नही। परीक्षा लेने के बाद उत्तरपुस्तिका जांचना फिर ऑनलाइन और ऑफलाइन रिपोर्टिंग करना साथ ही दूसरे ही दिन विद्यालय में प्रार्थना सभा में अधिक नंबर प्राप्त करने वाले छात्रों का नाम वर्गवार घोषित करना।एक शिक्षक वाला विद्यालय के लिए जीवन मरण साबित हो रहा है शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग का रिपोर्टिंग से शिक्षक ऐसे ही बोझ से अधिक दबे हुए है। जिस उद्देश्य से छात्रों के लिए ली जा रही परीक्षा सफल नहीं हो पा रही है।

**प्रोजेक्ट प्रत्येक सप्ताह रेल परीक्षा से मुख्य परेशानी :** प्राथमिक विद्यालय में एक या दो शिक्षकों वाला स्कूल प्रदेश में सबसे अधिक संख्या है इनमें व्यवहारिक तौर पर छात्रों को एक वर्ग कक्ष में एक कक्षा से अधिक में बैठना लाजमी है। ऐसे स्कूलों में लाख कोशिश करने के वाबजूद एक ब्लैक बोर्ड में एक से अधिक कक्षाओं के प्रश्न लिख पाना संभव नही है। शिक्षकों की कमी के कारण प्रत्येक सप्ताह में नियमतः टेस्ट लेना और कॉपी जांचना मुश्किल के साथ अव्यवहारिक है। एक वर्ग कक्ष में एक से अधिक कक्षाओं के बच्चे बैठते हैं। प्रत्येक विषय में दो या तीन पृष्ठ का प्रश्न को बोर्ड में लिखते लिखते मध्यांतर का समय हो जाता है। चूंकि बच्चों की लिखने की गति कम होती है इसलिए दो-तीन पृष्ठ में प्रश्न रहने के कारण खानापूर्ति भी ठीक ढंग से नही हो पाती है। प्रश्नपत्र में चित्र रहने के कारण उसे बोर्ड में छापना परेशानी का कारण है। चित्र से बोर्ड भर जाती है जिससे समय की बबार्दी होती है और छात्र तय समय मे टेस्ट नही दे पाते है।

# आईएनसीओसी के तत्वावधान में टीटीएस पर व्यवहारिक सत्र संपन्न

- कास्ट अकाउंटेंसी, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कंपनी सचिव के 90 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएनसीओसी) के तत्वावधान में आयोजित टीडीएस पर व्यावहारिक सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला बिड़ला विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक थे। इस सत्र में कास्ट अकाउंटेंसी, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कंपनी सचिव के 90 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सीएमए अजय दीप वाधवा, प्रमुख झारखंड क्ठउडउ, ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना संबोधन दिया। उन्होंने टीडीएस जैसे जटिल विषय को सरल और हास्यपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे छात्रों ने बेहद सराहा और काफी आनंद उठाया।

इस आयोजन में सीएस पूजा शुक्ला और एनएसआईसी (नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन) से किरण मारियातिरु ने भी अपने विशेषज्ञ विचार प्रस्तुत किए, जो छात्रों के लिए काफी लाभकारी रहे। इसके अलावा, योगदा सत्संग महाविद्यालय और डोरंडा कॉलेज के कई सम्मानित प्रोफेसरों और पदाधिकारियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहां मौजूद गणमान्य लोगों में प्रोफेसर अभिषेक विश्वकर्मा,प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर गौतम सान्याल, प्रोफेसर अशोक, प्रोफेसर बिपुल दुबे, श्री विनय, श्री अमन, श्री संतोष, श्री राजाराम रवि शामिल थे।

अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स का उद्देश्य छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। यह मंच उन्हें विभिन्न कौशल-वर्धक कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें।

# झारखंड कांग्रेस इलेक्शन, मेनिफेस्टो और कैंपेन कमेटी गठित

- जानिए किन नेताओं को कहां मिली जिम्मेदारी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बड़ा एलान किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 31 सदस्यीय इलेक्शन कमेटी, 25 सदस्यीय मैनिफेस्टो कमेटी और 37 सदस्यीय कैंपेन कमेटी की घोषणा कर दी है। सभी कमेटी तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी पत्र के अनुसार झारखंड कांग्रेस के सभी विधायक और अग्रणी विभागों के अध्यक्ष इलेक्शन कमेटी और कैंपेन कमेटी के पदेन सदस्य होंगे।

**प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में इलेक्शन कमेटी :** झारखंड कांग्रेस इलेक्शन कमेटी का अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को बनाया गया है। 31 सदस्यीय इलेक्शन कमेटी में सदस्य के रूप में डॉ अजय कुमार, रामेश्वर उरांव, सुबोध कांत सहाय, राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बालमुचू, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, प्रदीप यादव, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, प्रणव झा, अंबा प्रसाद, संजय लाल पासवान, धीरज साहू, फुरकान अंसारी, चंद्रशेखर दुबे, बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, शहजादा अनवर, मानस सिन्हा, अमूल नीरज खलखो, रमा खलखो, भीम कुमार, अशोक चौधरी, सुल्तान अहमद, आलोक दुबे के साथ-साथ मणिशंकर के नाम शामिल है।

**बंधु तिर्की की अध्यक्षता में मैनिफेस्टो कमेटी :** इसी तरह विधानसभा चुनाव 2024 को केंद्र में रखकर कांग्रेस ने मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया है। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी के अध्यक्ष समेत 25 सदस्य होंगे। कमेटी में सदस्य के रूप में बन्ना गुप्ता, प्रदीप यादव, जयप्रकाश गुप्ता, अनादि ब्रह्म, गुलफाम मुजीबी, शहजादा अनवर, के एन त्रिपाठी, देवेंद्र चम्पिया, अशोक चौधरी, सुशील मरांडी, बद्रीराम ,अजय नाथ शाहदेव, सतीश पॉल मुंजनी, चंचल चटर्जी, जगदीश साहू, पुष्पा टेटे, एम उरांव, हरि उरांव, हेमंत टोप्पो, कुमार रवि शंकर,रविंद्र झा और लाल किशोरनाथ शाहदेव का नाम शामिल है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत की अध्यक्षता में कैंपेन कमेटी

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गठित कैंपेन कमेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में बनाई गई है। 37 सदस्यीय इस कमेटी में सदस्य के रूप में रामेश्वर उरांव, डॉ अजय कुमार, राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बलमुचू ,कालीचरण मुंडा, प्रदीप यादव, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, प्रणब झा,अंबा प्रसाद, पूर्णिमा नीरज सिंह, धीरज साहू, फुरकान अंसारी , आलमगीर आलम, चंद्रशेखर दुबे, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, केएन त्रिपाठी, गीताश्री उरांव, योगेंद्र साहू, ममता देवी, रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक,अशोक चौधरी, अजय नाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता, मंजूर अहमद अंसारी, अभिलाष साहू, निरंजन पासवान, दयामणि बरला,अनुपमा सिंह और यशस्विनी सहाय का नाम शामिल है।

## खबर एक नजर में

### रिसालदार बाबा के मजार पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने चादरपोशी की



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति व अमन चैन के लिए दुआ किया। दोपहर बाद सुप्रीयो भटटाचार्य हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पहुंचे। दरगाह कमेटी ने सुप्रियो भटटाचार्य का स्वागत पगड़ी व फूल माला पहनाकर किया। इस मौके पर रांची जिला अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष फरीद खान, दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, मो रिजवान, बेलाल अहमद, जुल्फिकार अली, बबलू पंडित सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### पारस हॉस्पिटल धुर्वा में कोडरमा के रहने वाले नौ साल के बच्चे का हुआ सफल इलाज



रांची। एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल के डॉ.संजीव कुमार शर्मा ने कोडरमा के रहने वाले नौ साल के मरीज का सफल इलाज किया। उस बच्चे को लगातार मिर्गी के दौरे आ रहे थे। इसका इलाज बाहर के हॉस्पिटल में चल रहा था। इसके बाद उस मरीज के परिजनों ने पारस हॉस्पिटल के न्योरोलॉजी विभाग से संपर्क किया। डॉ ने उनका इलाज प्रारंभ किया। जांच के बाद मरीज में ऑटोइम्यून एन्सेफेलाइटिस चिन्हित हुआ। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से मस्तिष्क पर हमला करती है। इससे मस्तिष्क में सूजन आ जाती है, जिससे कई तरह की परेशानियां होती है । एक माह के इलाज के बाद बच्चा पुरी तरह स्वस्थ है। बच्चे को किसी भी तरह की परेशानी नहीं है।

### माइनिंग शो-क्रशर इंडस्ट्री से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन कर रही सक्षम कास्टिंग



रांची। धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में हरियाणा की कंपनी सक्षम कास्टिंग ने अपना स्टॉल नंबर ए-1 में लगाया है। इस स्टॉल में मैंगनीज कास्टिंग, स्टील कास्टिंग, मिश्र धातु कास्टिंग आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा कास्टिंग रेंज में स्टोन क्रशर के लिए अवतल, मेंटल, जॉ प्लेट्स, साइड प्लेट्स, रोलर्स, बंपिंग प्लेट्स और लाइनर प्लेट्स के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। सक्षम कास्टिंग के सीइओ अमित मित्तल ने बताया कि क्रेशर इंडस्ट्री से जुडे.प्रोडक्ट का निर्माण करती है। हम हाइड्रोलिक प्रेस के लिए टॉप प्लेट्स, मिडिल प्लेट्स, बॉटम सिलेंडर, राउंड सिलेंडर, कनेक्टिंग लिंक, कैप और रियर फ्रेम स्लाइड्स का भी उत्पादन करते हैं। जबकि रोलिंग मिल्स के लिए सेगमेंट, चॉक, स्प्रेडर, टैपर कोन, गियर, फ्लाईव्हील और मिल स्ट्रैंड्स आदि उत्पाद भी शामिल है। देशभर में उत्पादों की सप्लाई की जाती है। इसके अलावा सर्विस की भी सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं। झारखंड समेत देशभर में सटीक आयामों, स्थायित्व और कई अन्य विशेषताओं के कारण, हमारी कास्टिंग की मांग बहुत अधिक है और ग्राहकों द्वारा इसकी सराहना की जाती है। ये कास्टिंग हमारे मूल्यवान ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न ग्रेड और आयामों में और उचित दरों पर उपलब्ध हैं।

### संत माइकल्स प्ले स्कूल में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

रांची। संत माइकल्स प्ले स्कूल में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या तृप्ति प्रसाद ने पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम के उदेश्यों पर प्रकाश डाला। स्कूल की उप प्रधानाचार्य ऋषिका बहल ने 'विषयगत दृष्टिकोण' में रोशनी डाली। इस मौके पर प्ले स्कूल के बच्चे अंश राज, अर्शिया राय, अराध्या कुमारी, हर्षाली, सानवि श्री आदि ने अभिभावकों के सामने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की अध्यापिका रश्मित कौर, विनीता मेहता, कोमल श्री, इंद्रजीत कौर ,कामिनी गुप्ता, शिखा किंगर और कनिका मेहता ने अभिभावकों को बताया कि किस प्रकार हमारे विद्यालय प्रांगण में बच्चों के मनोविज्ञान को ठीक से समझ कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाता है।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में संत मदर टेरेसा मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन



**रांची।** संत मदर टेरेसा मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिनिवार को किया गया। जिसमें कक्षा षष्ठी, सातवीं, आठवीं, नवीं एवं ग्यारहवीं के कुल 227 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की सचिव किरण मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर एवं जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर स्कूल की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 1500 रुपये का चेक एवं मेधा प्रमाण पत्र तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1001/- रुपए का उपहार चेक एवं मेधा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### जीडी गोयनका स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन शनिवार को जीडी गोयनका स्कूल में किया गया। सिविल सर्जन एवं डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय कृमि दिवस का उदघाटन किया। इस मौके पर डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने उपस्थित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया। क्षेत्रीय प्रतिनिधि नीरज कुमार के द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों, कृमि संक्रमण से बचाव के तरीके आदि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि इस वर्ष रांची जिले में कुल 663812, 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर, किशोरियों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उदघाटन के दौरान 250 बच्चों को अल्बेंडाजोल के दवा स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में खिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और विद्यार्थी जीवन में उसका स्वास्थ्य सर्वोच्च होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि कृमि मुक्त बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से होता है। साथ ही उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है।

## समय संवाद

फजियोथैरेपी की उपयोगिता सबसे अधिक आर्थोपैडिक व न्यूरोलॉजी में पड़ती है। आर्थोपैडिक के अन्तर्गत हड्डी की सभी बमारियों, अर्थराइटिस, गठिया, स्पांडलाइटिस, लो बैकपेन, स्लिपडिस्क, टेनिस एल्बो, पोस्ट सर्जिकल व प्री–सर्जिकल में भी फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में स्पांडिलाइटिस व स्लिप डिस्क, लो बैकपेन की शिकायत अधिक बढ़ रही हैं। इनमें दर्द अधिक होता है, लेकिन जनता में भी जागरूकता बढ़ रही है इसलिए लोग पेन किलर खाने के बजाय फिजियोथैरेपी करना अधिक उचित समझने लगे हैं।

# दवा के बिना इलाज की विधि फिजियोथेरेपी

**अंकुर वर्मा**

**प्राचीनकाल** से दवाओं के बिना ही शरीर के रोगों की चिकित्सा का प्रचलन है। राजा-महाराजाओं के यहां युध्द के बाद आयी शिथिलता, चोटों व शरीर के अन्य रोगों को ठीक करने हेतु वैद्य व अन्य चिकित्सक रहते थे जो हड्डी बैठाने व अंगों को पुनः कार्य करने योग्य बनाते थे।

**रामायण व महाभारत काल में**

इस थैरेपी का प्रचलन गांवों व कस्बे में पहले से ही था। जहां जोड़ों में दर्द, घुटनों, कमर, पीठ, कंधे, जांघों, छाती इत्यादि अंगों में दर्द का, मालिश एवं व्यायाम के जरिये उपचार किया जाता था। महाभारत व रामायण काल में भी बड़े-बड़े ऋषि व मुनि भी इस चिकित्सा में पारंगत थे। अंजनी पुत्र हनुमान व विश्वमित्र भी इस विद्या में पारंगत थे, जो युध्द में हुए घायलों को अपने स्पर्श मात्र से ठीक करते थे। श्री हनुमान ने शनि को युध्द में हराने के बाद उसकी फिजियोथैरेपी की थी तथा इसी प्रकार विश्वमित्र ने भी अपने यज्ञ की रक्षा के बाद श्रीराम की फिजियोथैरेपी के बाद उन्हें दिव्य शस्त्रों का ज्ञान दिया था। लंका के सुषेण वैद्य व अन्य राक्षस भी फिजियोथैरेपी के ज्ञान में पारंगत थे। जैसे-जैसे समय बीतता गया, इस विद्या का ह्रास होता चला गया। आधुनिक काल में इस विद्या ने वैज्ञानिक रूप ले लिया है, जिससे युवाओं व युवतियों का रूझान इस ओर बढ़ता जा रहा है।



खेलकूद से जुड़ी समस्याएं खेलकूद से जुड़ी समस्याओं की फिजियोथैरेपी करने वाले विशेषज्ञ इस क्षेत्र में पूरी तरह से सफल होते जा रहे हैं। शरीर को अनेक जटिल बीमारियों जैसे स्पांडिलाइटिस, अर्थराइटिस, साइटिक पेन, स्लिप डिस्क इत्यादि की फिजियोथैरेपिस्ट बड़ी आसानी से सफल चिकित्सा कर रहे हैं। आज इस पध्दति की बढ़ती उपयोगिता के कारण ही हृदय रोग से जुड़ी समस्याओं की चिकित्सा व्यायाम, खान-पान नियंत्रण आदि से की जाने लगी है। बच्चों की बीमारियों में भी फिजियोथैरेपी का पूरी सफलता के साथ प्रयोग किया जा रहा है। फिजियोथैरेपी की उपयोगिता सबसे अधिक आर्थोपैडिक व न्यूरोलॉजी में पड़ती है। आर्थोपैडिक के अन्तर्गत हड्डी की सभी बमारियों, अर्थराइटिस, गठिया, स्पांडलाइटिस, लो बैकपेन, स्लिपडिस्क, टेनिस एल्बो, पोस्ट सर्जिकल व प्री-सर्जिकल में भी फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में स्पांडिलाइटिस व स्लिप डिस्क, लो बैकपेन की शिकायत अधिक बढ़ रही हैं। इनमें दर्द अधिक होता है, लेकिन जनता में भी जागरूकता बढ़ रही है इसलिए लोग पेन किलर खाने के बजाय फिजियोथैरेपी करना अधिक उचित समझने लगे हैं। वहीं न्यूरोलॉजी में भी इसकी एहमियत कुछ कम नहीं है।

**नशे पर कंट्रोल**

अब फिजियोथैरेपी के जरिये नशे पर कंट्रोल पाना भी आसान हो जायेगा। वैज्ञानिकों ने खासकर सिगरेट के नशेड़ी व्यक्ति को मामूली ट्रीटमेंट से नशे की आदतों को छुड़ाने के लिये टेक्नोलॉजी विकसित की है। लेजर थैरफ्यूटिक प्रणाली के जरिये अमेरिका ने एक स्टाप स्मोकिंग जस्ट 30 मिनट मशीन का आविष्कार किया है। एक्यूपंचर वेस्ट मशीन से मनुष्य के शरीर पर स्पर्श होते ही महज छह मिनट में असर होना शुरू हो जाता है। मशीन की नोव 10 से.मी. त्वचा के अंदर जाकर व्यक्ति के अंदर इंडोरफीन, केमिकल को अप कर देता है, जिससे मनुष्य को लगने वाली सिगरेट की तलब जीरो हो जाती है। चिकित्सा शिक्षा का क्षेत्र रोजगारपरक होने के साथ-साथ एक संतोष भी प्रदान करता है। जिन युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने की अभिलाषा है, उनके लिये फिजियोथैरेपिस्ट एक अच्छा कैरियर हो सकता है। क्योंकि आजकल मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेना ही काफी दुष्कर होता जा रहा है।

# धर्म की समझ की पात्रता विकसित करना जरूरी

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**




**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रम्हा विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)**

# मुझे इंसाफ दो



**परी कुमारी**

**बड़ी** मुश्किल से मां की कोख से आई थी मां बाप पे बोझ ना बन बेटी से बेटा बनकर दिखाऊंगी ,ऐसा संकल्प उठाई थी और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मां के पास जाकर थोड़ी सी हिम्मत जुटाई थी । और बोली मां मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं मां ने ये बात जाकर पापा को बताई थी ,पापा ने बोला जा बेटी तुझे जो बनना है ,तू बन मुझे पता है तू बहुत आगे जाएगी ।

दिन रात मेहनत कर मैने ठएएळ जैसी टफेस्ट एग्जाम निकाली थी, सात साल की मेहनत के बाद मैंने अपने नाम के आगे डॉक्टर लगवाई थी ।

पापा ने ये देख बोला बेटी तू बेटी नही खुदा के द्वारा दिया गया हमारा वो अनमोल तोफा है जो डॉक्टर बन हमारे घर को दीपक से रोशन कर दिया।

अब मेरी बारी मरीजों को बचाने की आई थी नाइट ड्यूटी था मेरा अपना सारा वक्त अपने काम में लगाई थी लगातार तेरह से चौदह घंटे काम करने के बाद अब मैं भी थक गई थी।

आराम के लिए थक कर मैं अब सोने चली गई थी ,फिर अचानक आराम करते वक्त मेरे शरीर के अंगों को किसी ने काफी दर्द और चोट पहुंचाया था।

मैं रोती चिल्लाती बिलखती रही पर मुझे कोई ना बचाने आया था अब मैंने दम भी तोड़ दिया था, क्योंकि उन जालिमों ने मेरा गला तक दबाया था।

सुसाइट है, कहकर उन लोगों ने मेरे मां- बाबा को बुलाया था तीन-चार घंटे खड़े रहने के बाद जब उन्हें मेरी लाश दिखाया था ,तो वह समझ गए यह सुसाइड नहीं बल्कि मेरी बेटी को रेप सहित तड़पाया गया था।

उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी उन्हें जब यह पता चला की जो उनके जिगर का टुकड़ा थी, जो उनके बुढ़ापे की लाठी थी और जो बीमार लोगों को ठीक करने के लिए डॉक्टर बनी थी ,उसे ही कुछ जालिमों ने घायल कर मार दिया।


और गंगा जी में बहती हुई मेरी अस्थियां और तड़पती हुई मेरी आत्मा अभी भी यही सोच रही है ,कि क्या लड़की होना श्राप है या डॉक्टर होना पाप है।

**मैं मोमिता देवनाथ**

मुझे इंसाफ दो मुझे इंसाफ दो।

(झुमरी तिलैया कोडरमा)


# पिंपल से छुटकारा के उपाय



**कुसुम पी**

**पिंपल्स** आज के समय की एक आम समस्या है। कई बार तो ये इतना ज्यादा परेशान करते हैं कि एक के बाद एक पिंपल्स से पूरा चेहरा भर जाता है। साथ ही चेहरे पर दाग-धब्बे भी हो जाते हैं। पिंपल्स की समस्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब खान-पान, शरीर में अंदरूनी चीज की कमी, धूल, मिट्टी।

इसके अलावा स्किन को हेल्दी रखने के लिए हेल्दी डाइट भी बहुत मायने रखती है। ज्यादा तेल मसाले के सेवन से पेट सही से साफ नहीं होता जिसके चलते भी पिंपल्स की समस्या हो सकती है। लेकिन धबराएं नहीं अगर आप भी पिंपल्स की समस्या से परेशान हैं तो कुछ आयुर्वेदिक नुस्खों की मदद से इससे छुटकारा पा सकते हैं। शहद में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो पिंपल्स से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकते हैं। रोजाना शहद का सेवन करने से, या शहद को फेस में लगाने से पिंपल्स की समस्या से राहत पा सकते हैं।




ग्रीन टी पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। ग्रीन टी को वजन घटाने के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन और रेडनेस को कम करने में मदद कर सकते हैं। ग्रीन टी के सेवन से पिंपल्स की समस्या को कम किया जा सकता है इसके लिए आप इसके बैग को ठंडा करके पिंपल्स वाली जगह पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

ऐलोवेरा को आयुर्वेद में औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। ऐलोवेरा को सेहत और सुंदरता दोनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ऐलोवेरा जूस के सेवन से शरीर के खराब पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। ऐलोवेरा जूस पिंपल्स की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है।

# लो ब्लड प्रेसर से बचाये प्राकृतिक फल, सब्जियां

**निधि सिंह**



लो बल्ड प्रेशर के कारण हार्ट, ब्रेन और शरीर के कई जरूरी अंगों के बीच ब्लड सकुर्लेशन में दिक्कत आती है। 120` लॅ से कम और 80` लॅ से ज्यादा ब्लड प्रेशर को सामान्य माना जाता है। नॉर्मल रेंज से कम ब्लड का प्रेशर आपके शरीर के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में कई बार चक्कर आना, हाथ-पैरों में झुंझलाहट होना, आंखों के सामने धुंधलापन के अलावा मितली और कमजोरी महसूस होती है। लो ब्लड प्रेशर होने पर घबराना नहीं चाहिए क्योंकि इसे कुछ आसान आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर भी नॉर्मल किया जा सकता है। जानिए ऐसे 7 आयुर्वेदिक नुस्खे जिनसे लो ब्लड प्रेशर की समस्या से निजात पाने में मदद मिल सकती है।

**लो ब्लड प्रेशर के लक्षण**

थकान, डिप्रेशन, जी मचलाना, प्यास लगना, त्वचा में पीलापन, शरीर ठंडा पड़ जाना, आधी-अधूरी और तेज सांस लेना, सीने में दर्द, अनियमित धड़कन, गर्दन अकड़ जाना लो ब्लड प्रेशर सामान्य लक्षण हैं। अगर ज्यादा लंबे समय तक लो ब्लड प्रेशर की समस्या रही तो उल्टी, बेहोशी, अत्यधिक थकान, कुछ समय के लिए धुंधला या कुछ दिखाई न देना आदि भी इसके लक्षण हैं।

## आयुर्वेदिक नुस्खे

अदरकःअदरक के छोटे-छोटे टुकड़े करें, इसमें नींबू का रस और सेंधा नमक मिलाकर एक जार में रख दें। रोजाना इसे थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दिन में 3-4 बार खाएं। कुछ ही दिनों में ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो सकता है।

टमाटरः टमाटर के रस में काला नमक, काली मिर्च डालकर पिएं। कुछ दिनों के लगातार सेवन से इसका असर दिख सकता है।

चुकंदर का रसः लो ब्लड प्रेशर में चुकंदर का रस काफी फायदेमंद है। रोजाना सुबह शाम इसका जूस पिएं। आपको अंतर दिख सकता है।

खजूर :खजूर को दूध में उबाल लें और रोज पिएं। आप चाहें तो ब्रेकफास्ट में खजूर खा सकते हैं। यह आपके ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने में बहुत फायदेमंद है।

दालचीनी :कुछ टुकड़े दालचीनी पानी में उबाल लें और इसे सुबह शाम पिएं। यह लो ब्लड प्रेशर में बहुत काम आता है। छाछ :छाछ में नमक, भूना जीरा, हींग मिलाकर इसका सेवन रोजाना करें। यह आपके ब्लड प्रेशर को सामान्य रखेगा।

आंवलाःआंवला के ताजे रस में अगर आप शहद डालकर खाते हैं तो यह लो ब्लड प्रेशर में काफी फायदा पहुंचाता है। आंवला को आप मुरब्बा या कैंडी के रूप में भी रोजाना खा सकते हैं।

किशमिशः लो ब्लड प्रेशर होने पर किशमिश खाना भी बहुत फायदेमंद होता है। रात में थोड़ा किशमिश भिगो दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। इससे लो प्रेशर में लाभ मिलेगा।

गाजरः लो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में गाजर भी बहुत मदद करता है। गाजर के रस में एक चौथाई पालक का रस मिलाकर पिएं तो यह और भी फायदेमंद बन जाता है।

# युवाओं के लिये प्रातः काल उठना आवश्यक , बौद्धिकता में वृद्धि



**प्रशांत झा**

प्रकृति से हम हैं, प्रकृति हमसे नहीं है । विश्व में लाखों किस्म के जीव, पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां, झील, पोखर, बादल, हवाएं और सागरीय तरंगें प्रकृति के अंग हैं । इन लाखों हिस्सों में से एक हिस्सा अपना यानी मानव समुदाय का भी है । मनुष्य अपने आपको ब्रह्मांड का सबसे समझदार प्राणी मानता है । इस नाते प्रकृति की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व भी मानव समुदाय पर ही है । कहा भी जाता है प्रकृति रक्षति रक्षिताः । यानी यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ।

विकास की आंधी में उड़ान भरने की चाहत के कारण मनुष्य का प्रकृति से जुड़ाव कम हुआ है । प्रकृति की कीमत पर हमने विकास के महल खड़े किए हैं । यह महल आराम तो दे रहे हैं लेकिन सुख और आनंद की प्राप्ति इन महलों में नहीं हो पा रही । प्रकृति का अंग होने के कारण मनुष्य को असली सुख और शांति प्रकृति के सामंजस्य के साथ जुड़ा हुआ है ।

प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनगिनत संस्थाएं अपने-अपने ढंग से प्रयास कर रही है । हमें अपने ढंग से प्रयास करना है । प्रकृति से अपना जुड़ाव बढ़ाकर हम धरती के सच्चे सेवक बन सकते हैं । प्रातः काल प्रकृति से जुड़ने का सबसे माकूल समय है । इस समय प्रकृति के सान्निध्य में मौन का सृजन हो सकता है । मौन की अनुभूति से हमारे बुद्धि-विवेक, स्मरण शक्ति और विचार करने की क्षमता में वृद्धि होती है ।

इसलिए आवश्यक है कि प्रातः काल में हम घर के आरामदायक वातावरण को छोड़कर प्रकृति से जुड़ने के लिए काम करें । आवासीय परिसर में यदि पौधे लगाए गए हैं तो उन्हें सुबह-सुबह पानी देना चाहिए । उसके बाद



आसपास के किसी बाग-बगीचे, पार्क या उद्यान में प्रातः भ्रमण करते हुए प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करना चाहिए । यदि आपके घर से किसी नदी की दूरी पांच किलोमीटर से कम है, तो प्रातः भ्रमण करते हुए नदी तट तक जाना और नदी के साथ संवाद करना भी एक अच्छी आदत है । नदी के किनारे सुबह का योगाभ्यास और प्राणायाम भी प्रकृति से जुड़ने का एक अच्छा विकल्प है । गांव में रहने वाले लोग प्रातः काल में अपने खेत-खलिहान और बागान का चक्कर लगाते ही हैं । बचपन में मैं भी गांव में रहता था । खेत-खलिहान और बाग-बगीचा में प्रातः भ्रमण प्रायः हर व्यक्ति का सामान्य रूटीन रहता था । गांवों में कमोबेश वैसी स्थिति आज भी बनी हुई है ।

लेकिन शहरी जीवन में समय की कमी को लेकर एक आभासी समस्या पैदा कर दी गई है । आलतू-फालतू के कामों में व्यस्त हो कर हम देर रात तक जागते रहते हैं और सुबह देर देर से बिस्तर छोड़ते हैं । फिर कार्यालय जाने की हड़बड़ी में अपने स्वास्थ्य को दरकिनार कर देते हैं और सुबह का जो समय स्वास्थ्य संवर्द्धन करते हुए प्रकृति के साथ जुड़ाव का होता है, उसे व्यर्थ गंवा देते हैं । हमें इस आदत को बदलना होगा । इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या कोई और कार्य हमें अपनी ओर आकर्षित करे, उससे पहले ही हमें प्रकृति से जुड़ जाना है ।

(लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर करियर काउंसलर है ब्रदर्स एकेडमी रांची से जुड़ें हैं।)

# श्री सर्वेश्वरी समूह के 64 वें स्थापना दिवस पर गोष्ठी, प्रभात फेरी और प्रसाद वितरण

शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह का 64वा स्थापना दिवस रांची शाखा में हर्षोल्लास से मनाया गया। बड़ा तालाब स्थित आश्रम परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5.30 बजे समूह संस्थापक परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के तैल चित्र के नगर भ्रमण प्रभात फेरी से हुई जिसमें समूह सदस्य भारी संख्या में लगभग एक सौ छोटे बड़े वाहनों में शामिल हुए और आश्रम परिसर से विश्वनाथ शाहदेव चौक, धुर्वा तक गए।

तत्पश्चात श्रद्धालुजन द्वारा अघोर पथ स्थित आश्रम परिसर में गुरु पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ सफल योनि सद्ग्रन्थ का पाठ सम्पन्न किया गया ।

इस पुनीत दिवस के महात्म्य पर आश्रम सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रयागराज से पधारे परम पूज्य के विशेष प्रतिनिधि हरीश कुमार तिवारी जी ने किया। सभाध्यक्ष ने अपने संबोधन में समूह के स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने आश्रम परिसर की पवित्रता एवं वातावरण की विशेषता बतलाई।

अन्य वक्ताओं में कर्नल रामचंद्र नाथ शाहदेव जी ने कहा की परमपूज्य एवं पुराने सदस्यों के अथक








परिश्रम से श्री सर्वेश्वरी समूह ने अपने आरंभिक कठिनाइयों को ठीक उसी प्रकार से पार कर लिया है जिस प्रकार से पहाड़ के चट्टानों को काटती हुई नदी अंततः मैदानों में उतर आती हो और अब यह समूह नई पीढ़ी के हाथों में और निखरेगी।

श्रीमती किरण द्विवेदी जी ने माता पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य पर प्रकाश डाला।

श्रीमती नयन मंजरी जी ने कहा कि गुरु हमे अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। सौरभ राज जी ने कहा कि जिनपर गुरुकृपा हो जाती है वो असंभव कार्य भी आसानी से कर पाते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार श्री नंदकिशोर मुरलीधर जी ने अपने संस्मरण साझा करते हुए सहजता, सरलता एवं गुरुसत्ता की महत्ता को समझाया।

डॉ रोहित सिंह जी ने कहा कि अपने शरीर के मंदिर को स्वस्थ रखने से ही हम बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

श्री यदुनाथ शाहदेव जी ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना के लिए 21 सितंबर ही दिन चुनने की महता को बतलाया।श्रीमती मुक्ता सिंह जी ने आश्रम के स्थापना एवं उद्देश्य के महत्व को बताते हुए अघोर साहित्य के गहन अध्ययन एवं उनके मनन की आवश्यकता पर बल दिया। श्री राजेश शरण जी ने आश्रम में युवाओं के कर्तव्य के साथ संरचना को और बढ़ाने के लिए जोर दिया। मंगलाचरण यशवंत नाथ शाहदेव जी , मंच संचालन हर्षवर्धन नाथ शाहदेव जी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अभय सहाय जी ने किया । दोपहर में सामूहिक प्रसाद वितरण में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। देश-विदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**गरीबी और शोषण...**




साभार कॉटूनमूवमेंट

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**अनीता प्रवीण,**

**सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय**




**भारत** दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरूआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दशार्ता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित ह्वपीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई)ह्व भी लागू कर रहा है।

ह्ववर्ल्ड फूड इंडियाह्वः वैश्विक स्तर पर ह्वफूड बास्केटह्व के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित ह्ववर्ल्ड फूड इंडियाह्व वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दशार्येंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, ह्वरिवर्स बायर सेलर मीटह्व अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

# दुनिया की आर्थिक ताकत बनता भारत

**प्रहलाद सबनानी**



**भारत** के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर जापान के सकल 4.21 लाख एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है।

अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

दरअसल, इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ओईसीडी देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निमार्ता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है। अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है। अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है।

जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाइयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाइयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है।

एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है। हालांकि यूरोपीयन यूनियन में जर्मनी की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है परंतु फिर भी भारत, उक्त कारणों के चलते, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को मार्च 2026 तक पीछे छोड़ देगा, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

इसी प्रकार, पिछले लगभग 30 वर्षों के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति, ब्याज दरें एवं येन की कीमत स्थिर रही है। परंतु, हाल ही के समय में येन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवमूल्यन हो रहा है एवं यह 160 येन प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो वर्ष 2009 के बाद से कभी नहीं रहा है। जापान की अर्थव्यवस्था कई उत्पादों के आयात पर निर्भर करती है। जापान अपनी ऊर्जा की आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत एवं खाद्य सामग्री का 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। जापान द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने से जापान में भी आयातित मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है जो पिछले एक दशक के दौरान लगातार स्थिर रही है।

वर्ष 1955 से वर्ष 1990 के बीच जापान की अर्थव्यवस्था औसत 6.8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ती रही। वर्ष 1990 तक जापान का स्टॉक मार्केट लगातार बढ़ता रहा एवं अचानक वर्ष 1990 में यह बुलबुला फट पढ़ा और जापान में आवासीय मकानों की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई एवं व्यावसायिक मकानों की कीमत 85 प्रतिशत तक गिर गई। जापान के पूंजी बाजार में निक्के स्टॉक सूचकांक भी 75 प्रतिशत तक गिर गया। जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी। दिवालिया होने वाले नागरिकों की संख्या बढ़ी और देश में अपस्फीति की समस्या प्रारम्भ हो गई थी। जापान की सरकार ने आर्थिक तंत्र में नई मुद्रा की मात्रा बढ़ाई और ब्याज दरों को लगभग शून्य कर दिया। इन समस्त उपायों से भी जापान में आर्थिक समस्याओं का हल नहीं निकल सका। वर्ष 2022 में जापान में भी विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति बढ़ने लगी थी परंतु जापान ने ब्याज दरों को नहीं बढ़ाया। अब कुल मिलाकर जापान अपनी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है एवं वहां पर आगे आने वाले समय में आर्थिक विकास के पटरी पर आने की सम्भावना कम ही नजर आती है अतः भारत जापान की अर्थव्यवस्था को मार्च 2025 तक पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

# आर्थिक सुधार की चुनौतियां

**बृजमोहन ओझा**

**आर्थिक सुधारों से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था, लेकिन चुनौतियां भी**

**कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी।**

आर्थिक मामलों के विभाग ने सोमवार को बीते एक दशक में देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की। यह हर वर्ष आने वाली आर्थिक समीक्षा नहीं है। उसे तो लोक सभा चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट के पहले प्रस्तुत किया जाएगा। अर्थव्यवस्था की समीक्षा में उन सुधारों को प्रमुखता से पेश किया गया है जो मोदी सरकार ने क्रियान्वित किए हैं।

समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह सही है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अपेक्षा से बेहतर रही है।

अपेक्षाकृत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत का इस दर से वृद्धि हासिल करना सराहनीय है। सरकार ने बीते एक दशक में कई सुधारों को अंजाम दिया है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया में भी देश का प्रदर्शन अनुमान से बेहतर रहा है। बहरहाल, अभी भी ऐसी चुनौतियां हैं जो मध्यम से दीर्घ अवधि में संभावित वृद्धि पर असर डाल सकती हैं।

सर्वाधिक उल्लेखनीय सुधारों की बात करें तो सरकार ने ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 पारित की। सरकारी बैंकों के विलय और उनके पुनर्पूंजीकरण के अलावा उसने दोहरी बैलेंस शीट की समस्या हल करने में भी मदद की। इसके परिणामस्वरूप देश का बैंकिंग क्षेत्र इस समय एक दशक में सबसे अधिक अनुकूल परिस्थितियों में है। बेहतर कॉर्पोरेट और बैंक बैलेंस शीट की मदद से न केवल वृहद आर्थिक जोखिम कम हुए हैं बल्कि निजी निवेश को भी मदद मिलेगी। बीते एक दशक में आकार दिया गया एक अन्य उल्लेखनीय सुधार है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)। वर्षों तक अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने के बाद कर व्यवस्था में स्थिरता के संकेत नजर आ रहे हैं और राजस्व में इजाफा हो रहा है।

अब सरकार को दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि प्रदर्शन में और सुधार हो सके। सरकार ने कई अन्य पहल भी की, मसलन अचल संपत्ति (नियमन एवं विकास) अधिनियम, छोटे मोटे आर्थिक अपराधों की आपराधिकता समाप्त करना, विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रक्रिया को उदार बनाना और मुद्रास्फीति के लचीले लक्ष्य अपनाना आदि।इनमें से कुछ सुधार मध्यम से लंबी अवधि में वृद्धि को समर्थन देंगे। बहरहाल कम से कम दो ऐसे मुद्दे हैं जिन पर तत्काल नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने महामारी के बाद वृद्धि को सहायता देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाने का विकल्प चुना जिससे राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया धीमी हुई। अनुमान के मुताबिक इसके परिणामस्वरूप ही इस वर्ष देश का सार्वजनिक ऋण बढ़ सकता है।आंशिक तौर पर इसके लिए कम नॉमिनल वृद्धि भी वजह होगी। सकल घरेलू उत्पाद के 80 फीसदी से अधिक का सार्वजनिक ऋण भारत जैसे देश में हमेशा वृहद आर्थिक स्थिति को मुश्किल में डाल सकता है। उच्च ऋण और ब्याज भुगतान सरकारी व्यय को भी प्रभावित कर रहे हैं। इस समाचार पत्र के एक विश्लेषण के मुताबिक हाल के वर्षों में ब्याज भुगतान में इजाफे के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा पर व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है। ऐसे में सरकार को राजकोषीय घाटा तेजी से कम करने की जरूरत है ताकि सार्वजनिक ऋण को कम किया जा सके।

# जीडीपी में डायरेक्ट टैक्स की हिस्सेदारी

**इक्रा** ने अनुमान लगाया है कि तेज प्रत्यक्ष कर संग्रह और जीएसटी प्राप्तियों से केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी और सीमा शुल्क संग्रह की सुस्ती की भरपाई हो जाएगी।

प्रत्यक्ष कर और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात चालू वित्त वर्ष के दौरान इस सदी के उच्च स्तर पर रह सकता है। इसके साथ वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में तेज वृद्धि के कारण जीडीपी के अनुपात में केंद्रीय करों से प्राप्तियां सर्वोच्च स्तर पर या 2008-09 के उच्च स्तर के नजदीक पहुंच सकती हैं, भले ही उत्पाद और सीमा शुल्क से प्राप्तियां कम रही हैं।

यह 1 फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान में नजर आएगा।

टैक्स कलेक्शन अधिक रहने और 2023-24 के पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित कम नॉमिनल ॠऊढ के कारण ऐसा होने की संभावना है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अनुमान लगाया है कि प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान (बीई) से 1 लाख करोड़ रुपये अधिक हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो संशोधित अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.23 लाख करोड़ रुपये होगा। पहले अग्रिम अनुमान में नॉमिनल ॠऊढ 296.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान में प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात बढ़कर 6.48 प्रतिशत होगा। यह 2000-01 से अब तक का शीर्ष स्तर होगा। बजट अनुमान में अनुपात 6.04 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

प्रत्यक्ष कर में तेजी बढ़कर 1.99 रहने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान 1.3 और 2022-23 के वास्तविक 1.18 की तुलना में ज्यादा है। बहरहाल प्रत्यक्ष कर में तेजी 2021-22 में 2.52 के उच्च स्तर पर थी। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर में तेजी 2000-01 में 3.32, 2002-03 में 2.59, अगले साल 2.19, 2006-07 में 2.42 और 2007-08 में 2.27 थी।



कर में तेजी का मापन जीडीपी के विस्तार के परिणामस्वरूप कर वृद्धि में बदलाव के हिसाब से किया जाता है। अगर तेजी 1 से ज्यादा होती है तो इसका मतलब है कि जीडीपी की वृद्धि दर के कारण प्राप्तियों में अधिक बढ़ोतरी हुई है।

मौजूदा मूल्य पर आधिकारिक रूप से जीडीपी में 8.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि बजट पेश किए जाते समय 10.5 प्रतिशत की वृद्धि की कल्पना की गई थी। पहले अग्रिम अनुमानों में नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान 301.75 लाख करोड़ रुपये से 5.17 लाख करोड़ रुपये कम रहने का अनुमान लगाया गया है।

बहरहाल इससे तेज कर संग्रह पर लगाम लगने की संभावना नहीं है। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर संग्रह, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से प्राप्तियां अप्रैल दिसंबर के दौरान 6.26 लाख करोड़ रुपये रही हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 8.13 लाख करोड़ रुपये का 77 प्रतिशत है। बहरहाल सीमा शुल्क में महज 0.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह वित्त वर्ष 24 में नवंबर तक 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह बजट अनुमान की 9.25 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में काफी कम है।

वहीं दूसरी तरफ चालू वित्त वर्ष के पहले 8 महीनों में केंद्रीय उत्पाद शुल्क संग्रह 7.88 प्रतिशत गिरकर 1.76 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें वित्त वर्ष 24 के बजट में 6.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।

इक्रा ने अनुमान लगाया है कि तेज प्रत्यक्ष कर संग्रह और जीएसटी प्राप्तियों से केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी और सीमा शुल्क संग्रह की सुस्ती की भरपाई हो जाएगी। इक्रा की गणना के मुताबिक इन मदों से बजट अनुमान की तुलना में 60,000 करोड़ रुपये ज्यादा आएंगे। अगर ऐसा होता है तो कर प्राप्तियां संशोधित अनुमान के मुताबिक 34.21 लाख करोड़ रुपये रहेंगी, जो बजट अनुमान में 33.61 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना जताई गई थी। इस साल कर जीडीपी अनुपात 11.53 प्रतिशत रहेगा। यह 2021-22 के 11.54 प्रतिशत के करीब है, जो कोविड-19 का दूसरा साल था। ज्यादा कर संग्रह से कर जीडीपी अनुपात 2023-24 में 2008-09 के बाद के शीर्ष स्तर पर होगा।

वित्त वर्ष 24 के लिए बजट अनुमान में कर ॠऊढ अनुपात 11.15 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

# टाटा मोटर्स : अधिकतम 63,872 रुपये बोनस, 100 मजदूर स्थायी किये जायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन एवं प्रबंधन के बीच बोनस समझौता संपन्न हुआ। इस समझौते में जहां कर्मचारियों को अधिकतम बोनस के रूप में 63872 एवं एवरेज बोनस के तौर पर 46418 रुपये प्राप्त होंगे। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के इस समझौते में जहां स्थाई मजदूर के लिए एकमुश्त राशि की व्यवस्था हुई है वही अस्थायी कर्मियों के लिए भी खुशी की योजना बनाकर आई है।

ज्ञात हो कि त्रिपक्षीय समझौता के तहत हर तिमाही में 225 अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण करना सुनिश्चित हुआ था जो की 1 अक्टूबर को 225 अस्थाई कर्मियों को स्थाई करने की सूची निकालने का कार्यक्रम पूर्व से सुनिश्चित था। इस बोनस समझौते में 100 अतिरिक्त अस्थाई को स्थाईकरण करने की व्यवस्था की गई है अर्थात इस 1 अक्टूबर के बाद जो स्थाईकरण का सूची प्रकाशित होगी उसमें 325 अस्थाई साथियों को स्थायी करण किया जाएगा। इस बोनस समझौते में जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य हुआ है वह है, फुल टर्म अप्रेंटिस का नवंबर माह में वैकेंसी निकल जाएगा और फुल टाइम अप्रेंटिस कंप्लीट करने के बाद कर्मचारी पुत्रों का नियोजन 3 वर्ष का डिप्लोमा कार्यक्रम में उन्हें संलग्न करने के बाद स्थाई तौर पर कर्मचारी पुत्रों का नियोजन किया जाएगा। यह समझौता भी संपन्न हुआ है। इसके साथ-साथ लगभग 116 ऐसे प्रशिक्षु जो पूर्व में टीएमएसटी एवं फुल टर्म अप्रेंटिस कंप्लीट कर चुके हैं।



बोनस समझौते का दस्तावेज पकड़े प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी और यूनियन महासचिव आरके सिंह अपनी टीम के साथ।

# टाटा स्टील यूआईएसएल : कर्मचारियों के बोनस मद में बंटेंगे 7.91 करोड़ रुपये

›› 678 कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने सहमत बोनस चार्ट के आधार पर लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन और जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच 21 सितंबर, 2024 को वार्षिक बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । बोनस राशि 24 सितंबर को कर्मचारियों के बैंक खाते में भेज दी जायेगी। समझौते पर रितु राज सिन्हा, एमडी, टाटा स्टील यूआईएसएल और रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष, जुस्को श्रमिक यूनियन ने राजेश प्रसाद, डीएलसी, जमशेदपुर के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। वित्त वर्ष 2024 के लिए कुल बोनस भुगतान 7.91 करोड़ रुपये है। त्यौहारी सीजन की शुरूआत को देखते हुए आने वाले दिनों में 678 पात्र कर्मचारियों को वार्षिक बोनस वितरित किया जायेगा। बोनस पात्रता विभिन्न मापदंडों पर कंपनी के प्रदर्शन पर आधारित है जैसे कि करों से पहले लाभ (पीबीटी), सुरक्षा प्रदर्शन, शिकायतों का अनुपालन, टॉप बॉक्स, ट्रांसमिशन और वितरण हानि, कुल मिलाकर अघोषित जल, ग्राहक संतुष्टि सूचकांक, बार-बार शिकायतें, एसजीए गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और उत्पादकता, इन सभी पर अच्छा प्रदर्शन, कंपनी को अपने रणनीतिक लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।



बोनस समझौते पर हस्ताक्षर के पश्चात हाथ मिलाते एमडी रितुराज सिन्हा और यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।

स्पीड न्यूज

## आदर्श उच्च विद्यालय, राहरगोड़ा में माहवारी जागरुकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** शनिवार को अखिल भारतीय आदर्श उच्च विद्यालय राहरगोड़ा मे विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ. मनीष झा के द्वारा मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किशोरियों को यह बताया गया कि मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता कितना महत्वपूर्ण है और स्वच्छ रहकर कैसे बीमारियों से बच सकते हैं। मासिक चक्र को लेकर समाज में फैले कुरीतियों पर भी चर्चा किया गया और बताया गया कि इस तरह के कुरीतिया हमारे जीवन पर किस तरह से प्रभाव डालती है ,और समाज की कई किशोरी मासिक धर्म के समय पैड के कमी के कारण असहज महसूस होने के कारण विद्यालय भी नही जाना चाहती है, जिसका असर सीधा उनके शिक्षा पर पड़ता है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 14वां स्थापना दिवस संपन्न

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने 14वें स्थापना दिवस समारोह सीऐचपी सीपीसी रिजेक्ट लोडिंग प्लांट मैदान में धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव एवं संचालक राहुल राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने पिपरवार क्षेत्र के विस्तार कम संघर्ष एवं आगे की रणनीति पर प्रकाश डाला क्षेत्रीय समिति द्वारा विस्थापितों की मांग से संबंधित सीसीएल भारत सरकार झारखंड सरकार से नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, विकास ,रोजगार आदि पर घोषणा पत्र जारी किया गया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि सीएचपी परियोजना पदाधिकारी दी. कुमार, विशिष्ट अतिथि इस्लाम अंसारी, मुखिया पति रमेश मुंडा,मुखिया पति गणेश भुइयां, इंद्रजीत उरांव, दिनेश राम, नीरज राम, अनिल ठाकुर, चितलाल महतो, जुल्फान मियां, फिरोज मियां, ट्रिपल ताना भगत, विकास उरांव मौजूद थे।

# महीने भर में चालू हो जायेगा एमजीएम डिमना का ओपीडी

- नये अस्पताल भवन में आइसीयू के 131 बेड और 620 बेड, सीएम करेंगे उद्घाटन
- स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण
- कैथ लैब बिल्डिंग में बनाया जायेगा 100 बेड का सीसीयू, जल्द शुरू होगा काम

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डिमना मानगो में बनाये जा रहे 751 बेड के नये अस्पताल का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। पानी, बिजली एवं रंग-रोगन की सुविधाओं से लैश करने के पश्चात इस अस्पताल के ओपीडी को अगले 25 दिनों में शुरु कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नये अस्पताल का उद्घाटन करेंगे।

नये अस्पताल का निरीक्षण करने के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिमना में एमजीएम के नये अस्पताल में इंसेंटिव केयर यूनिट आइसीयू के 131 बेड रहेंगे जबकि शेष 620 बेड जनरल वार्ड में रहेंगे। अस्पताल परिसर में बने कैथ लैब भवन में 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया जायेगा। इसके लिए बजट स्वीकृत कर टेंडर कर दिया गया है और 10-12 दिन में सीसीयू का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा।



निरीक्षण के दौरान नये अस्पताल भवन की जानकारी देते एलएंडटी के अधिकारी। साथ में डीसी व अन्य पदाधिकारी।



स्वास्थ्य मंत्री बने बताया कि नये अस्पताल भवन को एल एंड टी ने बहुत ही गुणवत्ता के साथ बनाया है। इसमें पानी-बिजली की सुविधा, पाइपिंग, वायरिंग ऐड करने के लिए 5 करोड़ रुपये अन टाइटल फंड से दिया गया है। बन्ना गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में पहले से चार डीप बोरिंग हैं जिनकी नये सिरे से सफाई कर एवं शक्तिशाली मोटर लगा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है जबकि दो नये डीपी बोरिंग की स्वीकृति भी दी गयी है।

एक सवाल पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि एमजीएम डिमना के अस्पताल भवन में हर दिन पांच एमएलडी पानी की जरुरत है जिसे डीप बोरिंग से उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि एमजीएम के साकची अस्पताल के पुराने भवन को ध्वस्त कर वहां नये भवन का निर्माण 434 करोड़ रुपये की लागत से शुरु कर दिया गया है। इस अस्पताल को भी समय पर पूरा कर दुबारा चालू किया जायेगा।

## एक नजर में

### संकल्प सभा के जरिये सुखराम हेंब्रम ने दिखायी ताकत



**चांडिल।** स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के सौजन्य से फूलो झानो चौक टुईडूंगरी में ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा की गयी। विरांगना फूलो झानो की प्रतिमा पर सुखराम ने श्रद्धांजलि अर्पित कर संकल्प सभा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के संस्थापक सुखराम हेमंब्रम ने कहा कि बाहरी नेताओं ने ईचागढ़ विधान सभा को लूट का चारागाह बना दिया है। विगत 35 सालों में बाहरी विधायक ने इस क्षेत्र का विनाश कर अपना और अपने सगे संबंधियों का विकास किया है। उनके बच्चे विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और हमारे बच्चों को सरकारी स्कुल में शिक्षा ग्रहण करना पड़ रहा है। एडवोकेट महेंद्र महतो, लालू हाजाम, भक्तों रंजन मंडल, राम प्रसाद महतो, निखिल चन्द्र महतो आदि थे।

### पूंजीपतियों के नेता हैं मंत्री बन्ना गुप्ता : नीरज सिंह



**जमशेदपुर।** कल मेरे द्वारा एक प्रेस वार्ता में झारखंड के स्वास्थ मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता से जमशेदपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम.जी.एम की बदहाली पर सवाल किये गये थे जिसपर मंत्री जी नाराज होकर मुझे उनके लेवल के ना होने वाला बताया है। मंत्री जी के सामने मैं छोटा व्यक्ति हूँ और अपने जमशेदपुर के लोगों के हित की बातें करता हूँ और उनके हित के लिए हमेशा खड़ा रहूँगा। आपके और आपके लोग बड़े लोगों के साथ सम्बन्ध रखते हैं इसीलिए आपको आपके क्षेत्र की जनता से कोई लेने देना नहीं हैं। आपके मित्र कॉपोरेट के लोग हैं और आप उनकी हित के लिए उनके लेवल का काम करते हैं पूजा स्थल को घेरवाकर। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हमारी पार्टी अंत्योदय की बात सिखाती है और हम समाज के अंतिम वक़्ती के कल्याण के लिए प्रयास करते हैं.। रघुबर दास जी के मुख्यमंत्री काल में शिलान्यास हुए एम.जी.एम कॉलेज डिमना के बगल में बन रहे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की याद मंत्री बन्ना गुप्ता जी को आज अचानक आ गयी और वे पुरे तामझाम के साथ अपने शद्ध कल्चर के साथ हूटर बजाते हुए वहां पहुंच गए और फिर बड़ी बड़ी वादों के खयाली पुल बांधने लगे।

### पिपरवार के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**पिपरवार।** ज्वलंत मुद्दों को लेकर पिपरवार के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कई कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात कर 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें राय ओवर ब्रिज का जल्द से जल्द निर्माण, राय रेलवे स्टेशन में गुजरने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव एवं पिपरवार के जालंत मुद्दों के साथ-साथ शिक्षा का स्तर बढ़िया करने कि मांग की। इन सारी मांगो से अवगत कराने के दौरान मंत्री संजय सेठ को पिपरवार में एक दिन का प्रवास के लिए आग्रह किया साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल को पुनः नवीनीकरण कराने का प्रस्ताव रखा।हम लोग पार्टी के कार्यकताओं ने प्रस्ताव रखा। जल्दी ही समय निकालकर मंत्री संजय सेठ ने सारी समस्याओं का निराकरण करने का सकारात्मक आशवासन दिया। ज्ञापन सपने में भारतीय जनता पार्टी पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा सक्रिय कार्यकर्ता रोहित कुमार गुप्ता, राजू कुमार साहू, रोहित पासवान शहीद कई कार्यकर्ता उपस्थित है।

### खिजरी जीतने को आजसू पार्टी तैयार : पारसनाथ



**अनगड़ा ।** अनगड़ा डाकबंगला में आजसू पार्टी का पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारियों की बूथ स्तर पर प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई । बैठक का संचालन प्रखंड सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने किया मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आजसू पार्टी के द्वारा खिजरी विधानसभा में चुनाव लड़ने के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती के साथ तैयार कर लिया गया है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपप्रमुख सह महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा हेमन्त सोरेन सरकार में प्रखंड स्तर पर भ्रटाचार बढ़ चुका है। मौके पर केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी वीरेन्द्र सिंह भोक्ताअर्जुन राम अजीत महतो सुनील करमाली, किरण देवी निर्मला देवी मुनी देवी आसाराम महतो कृष्णा कन्या केशरी मुनेश्वर सिंह फालेंद्र महतो संजय महतो सविता देवी वीणा देवी योगेंद्र महतो सरिता उरांव सरिता देवीअनिता देवीआदि सैकड़ों कार्यकर्त उपस्थित थे।

## बड़ाम में ध्वस्त घर के लोगों का प्रशासन ने नहीं लिया सुध : आरती

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** राज्य में पिछले चार दिनो तक हुई भारी बारिश के कारण प्रखण्ड के बड़ाम में कई गरीबों के घर गिर गए। मामले की जानकारी मिलने पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष आरती कुजूर शनिवार को बड़ाम का दौरा कर मामले की जानकारी ली। पीडितों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण उनका घर जर्जर हो कर गिर गया, इसकी जानकारी मिलने पर भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे। पीडितों ने श्रीमती कुजूर से आगे मुआवजा दिलाने और राहत पहुंचाने की मांग की इसपर श्रीमती कुजूर ने सभी पीडितों के आवेदन लिखकर उन्हे आंशिक ध्वस्त होने पर आपदा प्रबंधन से सीओ से मुआवजा दिलाने तथा पूरा घर ढहने पर बीडीओं से नए आवास दिलाने की बात कही। श्रीमती कुजूर ने बड़ाम की अतिगरीब लिली कच्छप, राज तिर्की, पूनम देवी, माला देवी, सहोदर देवी के घर पूरी तरह से गिर जाने और उन्हे देखने वाला कोई नही रहने पर उन्हे अविलंब आवास उपलब्ध कराने तथा अतिवृष्टि के बाद पंचायत स्तर पर हुए नुकसान की जानकारी के लिए टीम भेजकर आम जनता को हुए नुकसान की जानकारी लेने और मुआवजा देने की मांग की। उन्होने कहा कि राज्य सरकार को आम जनता की परेशानी से कोई लेना देना नही है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पर डकरा सेंट्रल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया में स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत सेंट्रल के जी स्कूल डकरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तरह विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा बनाये गए चित्र में पेड़-पौधों को संरक्षण करके पृथ्वी सहित वायुमंडल को बचाने का संदेश,गांधी जी का चित्र बनाकर शौचालय निर्माण,घर के आसपास सफाई,पेड़ लगाना जीवन बचाने का संदेश दिया गया। इस चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यासागर विद्यालय के.डी.एच तथा सेंट्रल के.जी स्कूल डकरा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर एन के क्षेत्र के सी एस अधिकारी निखिल अखौरी, सेंट्रल के.जी स्कूल डकरा के प्रधानाध्यापक विनोद झा , विद्यासागर विद्यालय के.डी.एच की प्रधानाचार्या मंजू सिंह, सुनील प्रजापति, सुशील कुमार आदि उपस्थित थें।




## तीन बच्चों के सर से उठा पिता का साया, मदद को पहुंचे देवेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** काफी तंग हाली में अपने व बच्चों का भरन पोषण करने वाले मजदूरी जागो करमाली 52 वर्ष की असमय मौत हो गई। जिससे उसकी पत्नी किरना देवी के साथ तीन नाबालिग बच्चों के सामने दुख का पहाड़ टुट पड़ा है। स्वजनों का आगे की जीवन बसर कैसे हो, इसे लेकर गांव वाले भी चिंतित है। बताया गया कि कुम्हारिया सतकनादु निवासी जागो करमाली किड्नी रोग से ग्रसित था। पिछले दो वर्ष से उसका उपचार रिम्स में चल रही थी। 20 सितंबर को उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। उसके बेटे सुनील करमाली 15 वर्ष, अनिल करमाली 10 वर्ष व सन्नी करमाली 8 वर्ष तीनो नाबालिग हैं। इसकी जानाकरी देते हुए केंद्रीय मंडा पूजा के प्रदेश महासचिव उदय पासवान व लोहरा समाज के उपाध्यक्ष शिवचरण करमाली ने बताया घर की माली हालत इतनी खराब है कि पत्नी व छोटे बच्चें मृतक की अंतिम संस्कार कार्यक्रम कैसे करे इसे लेकर चिंतित हैं। वहीं जागो करमाली की मौत व स्वजनों की दुख की जानाकरी होने पर शनिवार को कांके क्षेत्र के समाज सेवी व भाजपा के युवा नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाष मृतक के स्वजनों से मिलने उसके घर पहुंचे। स्वजनों ने उन्हे अपनी समस्या बताया। वहीं मृतक की पत्नी ने तीनों बच्चों की भविष्य की चिंता से अवगत कराया। स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने घटना के प्रति दुख जताया और स्वजनों को तत्काल आर्थिक मदद किया। वहीं मृतक की पत्नी से कहा बच्चें अभी छोटे हैं। किसी प्राकर स्कूली की षिक्षा पूरा कराएं। उच्च षिक्षा व रोजगर परत षिक्षा वे खूद दिलाने के साथ मृतक के स्वजनों को सरकारी सहायता व पत्नी को पेंषन दिलवाने का आष्वास दिया। साथ ही उन्होने अपना मोबाईल नंबर देते हुए कहा घर में किसी प्रकार की परेषानी हो तो उससे जरूर संपर्क करें, हर संभव मदद की जाएगा। मौके पर उपस्थित मुखिया अजय, उमेश महतो, उदय पासवान, सोनू लोहरा, गोपाल महतो, लखन उरांव, कुलदीप उरांव, जोगेन उरांव, महावीर महतो ने देवेंद्र प्रकाष की सरहाना किया और बताया क्षेत्र में जब भी किसी गरीब को मदद की जरूरत होती है। सबसे पहले स्वामी देवेंद्र प्रकाष खड़े रहते हैं।



### घनबसार स्कूल में ताला तोड़कर की गई चोरी

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के बंसिया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय घनबसार में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल के मुख्य गेट,स्कूल के दरवाजे के ताले को तोड़कर बच्चों की खाने की सामग्री, मध्यान्ह भोजन के अनाज, गैस सिलेंडर, बर्तन ,अंडा पेटी,राशन सामग्री आदि का चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। शनिवार को स्कूल छुट्टी होने के कारण संयोजिका सावित्री देवी को चोरी होने की जानकारी हुई। इसने प्रधानाध्यापक ईश्वर महतो को सूचना दिया। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक ने स्कूल पहुंच कर देखा की मध्यान्ह भोजन के सामग्री सहित गैस सिलेंडर,चूल्हा,खाना बनाने की सारे वर्तन की चोरी हुई है।

## रायशुमारी में खिजरी से राजेश कच्छप को प्रत्याशी बनाने पर हुई सहमति

**ओरमांझी।** कांग्रेस पार्टी रांची जिला के पर्यवेक्षक लाल प्रेम प्रकाशनाथ शाहदेव द्वारा शनिवार को आगामी विधानसभा चुनाव में खिजरी विधानसभा की उम्मीदवार की रायशुमारी को लेकर ओरमांझी में एक बैठक की गई। प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित पंचायत से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी से रायषुमारी ली गई। जिसमें कार्यकताओं द्वारा अपने विचार से पर्यवेक्षक को अवगत कराते हुए, सर्वसम्मति से वर्तमान खिजरी विधायक राजेष कच्छप को ही प्रत्यासी बनाने निर्णय लिया गया। साथ ही सभी कार्यकताओं का हस्ताक्षर युक्त पत्र पर्यवेक्षक को सौंप दी गई। मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिप ससदस्य कमिश्नर मुंडा, जिला महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, सफीउल्लाह अंसारी, हरिमोहन महतो, शिवप्रसाद साहू मौजूद थे।

## मांडर में जदयू को बनायेंगे मजबूत : विगा मिंज

खबर मन्त्र संवाददाता


**बेड़ो।** जदयू के संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। आगामी 30 सितंबर को महादानी मैदान बेड़ो में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह बातें जदयू के मांडर विधान सभा प्रभारी विगा मिंज ने कहीं। वे बेड़ो में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मांडर विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाते हुए में 15 हजार कार्यकर्ता बनाने लक्ष्य रखा है। पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं ने मुझे पार्टी को सींचने का दायित्व सौंपा है। जिस पर मैं खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। पार्टी ने झारखंड में 12 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने का लक्ष्य रखा है। जिसमें विश्रामपुर, टूंडी, मांडू, देवघर, जरमुंडी व मांडर विधानसभा क्षेत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व गठबंधन का निर्देश व निर्णय सर्वोपरी होगा।



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज पुलिस ने शुक्रवार की रात अवैध खनन कर ले जा रहे बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सांगबार के पास से गुजर रहे बिना कागज के ट्रैक्टर को जब्त किया।

### चेक डेम में डूबने से अधेड़ की मौत



**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के जोलांग के राजकुमार भुइयां (59) पिता स्व सुंदर भुइयां की चेक डैम में डूबने से मौत हो गयी। घर वालों ने बताया कि घटना की रात राजकुमार घर से मछली पकड़ने चेक डैम में गया था।

### 23 को उंटारी में पहुंचेगी परिवर्तन यात्रा



**विश्रामपुर।** 23 को उंटारी में होनेवाली परिवर्तन रथ यात्रा की तैयारी को लेकर शनिवार को नगर मंडल विश्रामपुर के भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष अमरेश तिवारी एवं संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विभाकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, कार्यक्रम के सह प्रभारी चंचल दुबे, जिला कार्यसमिति विनय शुक्ला, शंभुशरण सिंह, विस्तारक रतन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय भी थे।

### जंगल बचाने को समिति का गठन



**मनातू पलामू।** प्रखंड के पदमा वन सुरक्षा एवं वन अधिकार समिति पदमा में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रदीप चावला एवं पंसस कर्मदेव उरांव शामिल थे। ग्राम सभा की अध्यक्षता- पदमा मुखिया अनुज प्रसाद व संचालन कृष्ण निराला ने किया। ग्राम सभा का पुनर्गठन कर 15 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष- भगवती मिस्त्री, सचिव- संजय कुमार सदस्य- जगनाथ महतो, मोजिम अंसारी, बालो महतो, उमेश प्रजापति, उदिश भुइयां, श्रवन प्रजापति, सहीम मियां, प्रतिमा देवी, अमरीना देवी, गीत देवी शामिल थे।

### जेसीबी के सहयोग से पथ की मरम्मत



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के मोहम्मदगंज सिंचाई कॉलोनी से रामगगर टोला तक जानेवाली सड़क का एक हिस्सा बीते दिन हुई मूसलाधार बारिश में बह गया था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी को दी। प्रमुख के निर्देशानुसार कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन राहुल कुमार सिंह ने तत्काल एक बड़ा सेमेंटेड पाइप देकर जे सी बी मशीन के सहयोग से, तीन ट्रक पत्थर डलवाकर रोड की मरम्मत करवायी। मौके पर रामजन्म राम, अमर कुमार, पंकज, राकेश, विजय, नीतीश कुमार, भीम यादव मौजूद थे।

### राजस्थान की सुलोचना बनी एसडीओ



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के सदर अनुमंडल के नये एसडीओ के रूप में राजस्थान की रहनेवाली सुलोचना मीणा को राज्य सरकार ने एसडीएम का पदभार सौंपा है। श्रीमती मीणा 22 वर्ष में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर आइएएस बनी। वे पहले ही प्रयास में ही सफलता प्राप्त कर अपने घर परिवार को खुशियां ही नहीं दी बल्कि वे भारत वर्ष की छात्राओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनी।

### मुखिया ने गुजरात टाईल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का किया उद्घाटन



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** थाना रोड में गुजरात टाईल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का शुभारंभ हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला ने किया। अरविंद शुक्ला ने कहा कि नीलांबर-पीतांबरपुर जैसे क्षेत्र में एक बड़ा टाइल्स, ग्रेनाइट का दुकान खुलने से यहां के लोगों को फायदा होगा। इस दुकान पर सभी तरह के टाईल्स, ग्रेनाइट एण्ड सेनेटरी उपलब्ध है जो उचित रेट में लोगों को मिलेगा। मौके पर पंसस पति सह समाजसेवी दीपक गिरी, सत्येंद्र प्रजापति, विक्रम प्रजापति, अनिल चंद्रवंशी, मिथलेश कुमार मौजूद थे।


### सीजीएल परीक्षा के कारण इंटरनेट बंद

**पाटन पलामू।** सरकार ने सीजीएल परीक्षा के कारण इंटरनेट बंद कर दिया था, जिससे पाटन प्रखंड में पीडीएस दुकान से सैकड़ों लोग बिना राशन पाये घर वापस लौट गये। इंटरनेट सेवा बंद हो जाने से पीडीएस डीलर लाभुकों के बीच राशन का वितरण नहीं कर पाये। इसे लेकर लोगों में सरकार के विरुद्ध नाराजगी देखी गयी। इस पर विभाग एवं सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है जबकि यह जनता से जुड़ी हुई समस्या है।

### डायन बिसाही मामले में 17 पर केस दर्ज

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कौआखोह में अकली देवी पर डायन भूत का आरोप लगाते हुए लोगों ने समूह बनाकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। अकली के पति रामरूप साव के फर्द बयान पर स्थानीय थाना में 17 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### घोरडिहा में डीहवार देव स्थल को जेसीबी से कराया ध्वस्त, आक्रोश



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के घोरडिहा गांव के ग्राम देवता डिहवार बाबा देव स्थल को शुक्रवार की देर शाम जेसीबी व पोकलेन मशीन लगवाकर ध्वस्त करा दिया गया। यह कारनामा स्थानीय प्रशासन की मदद से रेल विस्तारीकरण कार्य कर रही कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन तक रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण हो रहा है। रेल पटरी बिछाने का काम एमबीपीएल कंस्ट्रक्सन कंपनी को मिला था जिसे उसने पेटी पर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दे दिया है।

## तीसरे दिन गिल और पंत का धमाका, हार की कगार पर बांग्लादेश

# जीत से मात्र 6 कदम दूर टीम इंडिया

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम भारत बनाम बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मैच का तीसरा दिन भारत के नाम रहा। पहले शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने तूफानी शतक लगाये फिर अश्विन ने बांग्लादेश के तीन विकेट हासिल कर उन्हें हार की कगार पर ला दिया। अब टीम इंडिया को इस मैच को जीतने के लिए सिर्फ 6 विकेट चाहिए तो वहीं, बांग्लादेश को जीत हासिल करने लिए अभी 370 रन बनाने हैं। इस मैच भारत ने पहली पारी में रविचंद्रन अश्विन के शतक और रविंद्र जडेजा व यशस्वी जायसवाल के अर्धशतकों की बदौलत 376 रन बनाये थे। इसके जवाब में बांग्लादेश पहली पारी में 149 रनों पर ढेर हो गयी थी। बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 37.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 158 रन बना लिये हैं। अब यहां से बांग्लादेश को जीत के लिए 357 रन और भारत को जीत के लिए 6 विकेट की जरूरत है।

**पारी घोषित**

अपनी दूसरी पारी में भारत ने शुभमन गिल और ऋषभ पंत के तूफानी शतकों की मदद से 287/4 पर घोषित कर दी। इस प्रकार भारत ने बांग्लादेश को जीत के लिए 515 रनों का असंभव लक्ष्य दिया। भारत के लिए तीसरे दिन के पहले सेशन की शुरुआत शुभमन गिल (33) और ऋषभ पंत ने (12) ने की थी। इन दोनों मिलकर टीम का स्कोर 167 रनों की पार्टनरशिप पूरी की और भारत मजबूत बढ़त पर लाकर खड़ा कर दिया। इन दोनों ने लंच तक भारत का स्कोर 3 विकेट पर 205 रन तक पहुंचा दिया। इस दौरान गिल ने 86 और पंत ने 82 रन बनाये। बांग्लादेश के गेंदबाज एक विकेट भी हासिल नहीं कर पाये। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने अपने-अपने शतक पूरे किये। पंत ने 124 गेंदों में 4 छक्के और 11 चौकों के साथ अपना शतक पूरा किया। ऋषभ 109 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौट गये। उन्हें मेहदी हसन मिराज ने आउट किया। इसके बाद गिल ने 161 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्कों के साथ अपना 100 रन पूरे किये। गिल 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

गिल के अलावा केएल राहुल 22 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। इन दोनों ने पांचवे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी की। भारत ने अपने दूसरी पारी 287 रनों पर 4 विकेट घोषित कर दी। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत काफी मजबूत तरीके से की और दूसरे सेशन के अंत तक बिना कोई विकेट खोये। 13 ओवर में 56 रन बनाए. बांग्लादेश के लिए जाकिर हसन ने 32 और शादमान इस्लाम 21 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। बांग्लादेश ने जाकिर हसन ने 32 और शादमान इस्लाम 21 के साथ तीसरे सेशन की शुरुआत की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और जसप्रीत बुमराह ने पारी के 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर जाकिर हसन को 33 रनों के निजी स्कोर पर यशस्वी जायसवाल के हाथों थर्ड स्लिप में आउट कराया. इसके बाद अश्विन ने गिल के हाथों 22वें ओवर की तीसरी गेंद पर शादमान इस्लाम को 36 रनों के स्कोर पर आउट कर पवेलियन की राह दिखायी।

इस समय क्रीज पर कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (51) और शाकिब अल हसन (5) रन बनाकर बने हुए हैं। मैच खराब रोशनी के कारण लगभग 45 पहले तीसरे दिन का खेल समाप्त कर दिया गया।

### स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त : डीसी

**मेदिनीनगर।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस संबंध में उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इसमें 4776 परीक्षार्थी में 4614 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लिये। जो शांतिपूर्वक परीक्षा का संचालन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों से कॉपी स्ट्रांग रूम पहुंच गया जिसे सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी लगाये गये थे ताकि कहीं से किसी प्रकार की कोई बड़बड़ी न हो। इसके साथ ही इंटरनेट सेवा बंद किया गया था ताकि परीक्षार्थी अपने अनुसार परीक्षा दे सकें। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसकी निगरानी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि पलामू जिले में परीक्षा संचालन से दो दिन पूर्व से ही जिले के सभी होटल,ढाबा व धर्मशाला के साथ ही साथ वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। परीक्षा को सफल संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। उन्होंने कहा कि सघन चेकिंग अभियान के दौरान शहर थाना क्षेत्र के एक होटल से 90 लाख रुपये बरामद किये गये थे जो इस परीक्षा से संबंधित मामला नहीं है। इस मामले को आयकर विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस मना, निकली प्रभातफेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 64 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर सुबह में मेदिनीनगर के सुदना में स्थित समूह के आश्रम में श्रद्धालुओं ने सफाई और श्रमदान किया। तत्पश्चात आश्रम परिसर से प्रभातफेरी निकली। सुसज्जित वाहन पर परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी की तसवीर लगी थी। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में समूह के सदस्यों ने भाग लिया। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः आश्रम परिसर पहुंचा। इसके समूह का ध्वजारोहण और सफलयोनि का पाठ किया गया। समूह के स्थापना दिवस पर

### >> मानव सेवा ही समूह का लक्ष्य : रागिनी राय



आश्रम के सभागार में पारिवारिक विचार गोष्ठी की गयी। इसकी अध्यक्षता समूह की स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइटलैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने की। कहा कि मानवता सेवा की लक्ष्य को लेकर परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की है।

## मोबाइल टेलीकॉम कंपनियों उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी इंटर कॉलेज, सतबरवा के सभागार में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से प्रगति एजुकेशनल एकेडमी, रांची की ओर से मोबाइल टेलीकॉम कंपनियों उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कॉलेज के प्रिंसिपल अजय प्रसाद, भोला मेहता, प्रतिमा कुमारी एवं संस्था के पदाधिकारी ने किया। मौके पर प्रगति एजुकेशनल एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता



के द्वारा टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करते हुए कहा कि आज डिजिटल इंडिया का जमाना है , इस क्षेत्र में देश काफी प्रगति किया है। उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत हुआ है लेकिन इसके उपयोग में बड़ी सावधानी की जरूरत है। जरा सी लापरवाही होने पर आपके खून- पसीने से कमाये लाखों रुपये लूट ली जायेगी।

### हरिहरगंज से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**हरिहरगंज पलामू।** हुसैनाबाद अंचल के अनिउ अमित कुमार सिंह व पुअनि विगेश कुमार राय दल बल के साथ हरिहरगंज थाना के ग्राम भगत तेंदुआ पवन पासवान के सिमेंट घर से अवैध शराब बरामद किया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इसमें रॉयल ब्लू माल्ट व्हाइन व प्लास्टिक के बोरों में शराब जब्त किया गया है। छापेमारी के दौरान पवन पासवान, विनय पासवान व मुकेश पासवान घर से फरार थे। पुलिस फरार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### तस्कर खुलेआम कर रहे हैं बालू का भंडारण



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में बालू तस्करों द्वारा खुलेआम अवैध तरीके से बालू का भंडारण किया गया। वहीं प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि एनजीटी के रोक के बावजूद भी बालू तस्करो ने अवैध तरीके से खुलेआम बालू का तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालू का भंडारण प्रखंड मुख्यालय में भवन निर्माण कार्य में करने के लिए भंडारण करके छोड़ा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सरकार मॉनसून सीजन को देखते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव के लिए पूर्णतः रोक लगायी है फिर भी बालू तस्करों कानून को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बालू का उठाव कर भंडारण किया है।

## आजीविका महिला संकुल सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा रामगढ़ बाजार परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ प्रखंड के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुमित कुमार, रामगढ़ थाना के एएसआई सोमय नीलगांठी, जिला समन्वयक अमित कुमार, सुमन कुमारी, ब्लॉक लीड आदित्य रंजन प्रसाद, रामगढ़ और उलडंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और संकुल संगठन के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आम सभा में समिति के वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए महत्वपूर्ण एजेंडों पर गहन चर्चा की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति शामिल है।

### एसडीओ को आवेदन देकर की जमीन वापस दिलाने की मांग

**छतरपुर पलामू।** डाली की तारा देवी पति संजय सिंह खरवार ने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को जमीन हड़पने संबंधित आवेदन देकर जमीन बचाने समेत न्याय की गुहार लगायी है। गौरतलब हो कि तारा देवी पति संजय सिंह खरवार ने ग्राम ओकराहा निवासी दशरथ सिंह से अपने बेटे के इलाज कराने हेतु वर्ष 2015 में पुस्तैनी खेत को रेहंद रखकर एक लाख रूपये लिया था। जबकि गलत तरीके से दशरथ सिंह व द्वारिका सिंह द्वारा उससे जमीन लिखवाने का झांसा देकर

## 24 को छतरपुर विस के सभी मंडलों में परिवर्तन रथ यात्रा : संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** भाजपा झारखंड प्रदेश के सभी विधानसभा स्तरीय परिवर्तन यात्रा चला रही है। उसी निमित 24 को छतरपुर विस के सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि पाटन मंडल में भी 24 सितंबर को परिवर्तन रथ यात्रा निर्धारित किया गया है। इसे लेकर पाटन ब्लॉक रोड, भाजपा नेता राजीव सिंह के आवास पर भाजपा पाटन मंडल कार्य समिति की बैठक की गयी। जिसमें भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, सभी मोर्चों के अध्यक्ष महामंत्री, शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक शक्ति केंद्र के प्रभारी सभी बूथ अध्यक्ष मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी जिला कार्य समिति सदस्य एवं सांसद विधायक पूर्व सांसद पूर्व विधायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा समर्थक शामिल होंगे।

### डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में जिले के सभी पंचायत समिति प्रमुखों के साथ बैठक की। जिसमें प्रखंडों में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले के 13 प्रखण्डों में 15वीं वित आयोग की राशि का व्यय शून्य या काफी कम है। धीमी प्रगति वाले सभी बीडीओ एवं प्रमुख को कारण पृच्छा निर्गत करने का आदेश दिया गया। सभी प्रखंडों में उपलब्ध योजना राशि को त्वरित गति से व्यय करने का आदेश दिया गया। समीक्षा में पाया कि कुछ प्रमुख अपने पंचायत समिति क्षेत्र में अत्यधिक राशि व्यय किये है। 15वीं वित्त आयोग की राशि से सभी पंचायत समिति क्षेत्र में समानुपातिक रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि व्यय करने का निर्देश दिया गया। पंचायत समिति एवं पंचायत कार्यकारिणी की बैठक लंबे समय से नहीं की गयी है। सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की बैठक नियमित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंडों में संचालित सभी योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ऋण संबंधी योजना आदि हैं।

# 23 को होगी ऐतिहासिक किसान संकल्प महापंचायत, तैयारी से किसान उत्साहित

- 23 सितंबर को अनुमंडल मैदान, जपला में आयोजित किसान संकल्प महापंचायत में आने का दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते उत्साहित किसान।

**हुसैनाबाद पलामू।** किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद द्वारा आयोजित किसान संकल्प महापंचायत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आगामी 23 सितंबर को जपला के अनुमंडल मैदान में यह ऐतिहासिक महापंचायत आयोजित की जाएगी। भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर विधानसभा क्षेत्र से किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा और महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। सभी का एक ही उद्देश्य है–नए, भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद का निर्माण और किसान, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा। किसान संकल्प महापंचायत में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें किसानों के अधिकार, भ्रष्टाचार उन्मूलन, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय शामिल हैं। इस महापंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है, साथ ही भविष्य के लिए एक नए मार्ग की नींव रखना है।आयोजन की संयोजक समिति के अनुसार, यह महापंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। सभी वर्गों के लोग इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं और इस महापंचायत को सफल बनाने को तैयार हैं।

### महापंचायत में आने का दिया आमंत्रण

किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद की ओर से सभी माताओं, बहनों, बेरोजगार युवा साथियों, किसान और मजदूर भाइयों से अपील है कि वे इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आइए, मिलकर एक नए और बेहतर हुसैनाबाद की नींव रखें। आपकी सहभागिता से ही बदलाव संभव है और इस बदलाव का संकल्प इस महापंचायत से प्रारंभ होगा।

# कला उत्सव में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देते जेएनवी के विद्यार्थी।

**हुसैनाबाद पलामू।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू के बच्चों के द्वारा चित्रकला मूर्तिकला स्थानीय क्राफ्ट तथा खेल खिलौने की प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जामतारा झारखंड में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बिहार झारखंड पश्चिम बंगाल के जवाहर नवोदय विद्यालय के लगभग 300 बच्चों ने भागीदारी दी संकुल स्तरीय कला उत्सव पटना संभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों का इस बार के हरेक क्षेत्र में दबदबा रहा। कला शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि कला उत्सव जो भारत सरकार के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित होता है। इस प्रतियोगिता को तीन चरणों से गुजरना होता है जो संकुल स्तरीय राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर पूरे भारत में अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों को सालभर इस कला उत्सव प्रतियोगिता का इंतजार रहता है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के स्वेता कुमारी, खेल खिलोने में सोनू सिंह, मूर्तिकला में सूरज कुमार, चित्रकला में अभय ठाकुर स्थानीय क्रॉफ्ट में भागीदारी दी।

# जदयू की राज्य कार्यकारिणी का गठन

## नीतीश समेत कुल 68 सदस्य शामिल

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभ,ाा चुनाव-2025 के मद्देनजर जदयू ने राज्य कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के 68 शीर्ष नेताओं को जगह मिली है। इससे संबंधित सूची पाटी ने शनिवार को जारी की है। जारी सूची में जदयू की इस राज्य कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के अलावा जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, मुंगेर सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, विजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय चौधरी, उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री दशई चौधरी, पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और पूर्व सांसद विजय कुमार समेत 68 नेताओं को सदस्य बनाया गया है। इससे पहले बीते 24 अगस्त को प्रदेश कमेटी को भंग करने के एक घंटे के भीतर ही नई प्रदेश कमेटी का एलान कर दिया गया था। पार्टी के 115 नेताओं को अहम जिम्मेवारी सौंपी गई थी।

## अग्रवाल परिवार ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 52वें सप्ताह प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान 200 से अधिक लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। पितृ पक्ष के महीने में पित्रो को समर्पित इस कार्यक्रम को संतोष अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल और तेजस अग्रवाल ने विशेष रूप से मनाया।

## एक नजर में

### जायंट्स सहेली ने किया खिचड़ी वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के 52वें स्थापना दिवस पर चल रहे जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में दो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के चौधरना बाजार स्थित शनि मंदिर के समीप खिचड़ी का वितरण किया गया। जबकि संस्कृत पाठशाला स्थित गौशाला में गायों को घास खिलाकर और गौशाला में पशु आहार दान किया गया। मौके पर सहेली पदाधिकारी ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली समाज के हर क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा में लगी रहती है। जायन्ट्स सहेली के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। जरूरत मंदो की सेवा के साथ साथ ग्रुप द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, स्वच्छता कार्यक्रम, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, आदि के कार्य तो किये ही जाते हैं। आज गौ माता को चारा खिला कर जो सुख की अनुभूति हुई उसको शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

### यूरिया खाद की कालाबाजारी जोरों पर

**रमना।** प्रखंड में खाद बीज अनुज्ञप्ति धारी खुलेआम उर्वरक क़ानून की धज्जिया उड़ा रहे हैं। रमना कृषि पदाधिकारी कुम्भकर्ण की नींद ले रहे है। केवल जलेबी के गंध से ही इनकी नींद खुलेगी और जलेबी चट कर झट से निंद्रासन में चले जाते है। इस प्रखंड में खाद बीज के दर्जनों दुकान है जो खुले-आम उर्वरक अधिनियम 1985 का मजाक उड़ा रहे है। इस अधिनियम के अन्तर्गत जो भी अनुज्ञप्तिधारी खाद बीज दुकानदार वो सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266 रूपये में कभी खाद बेचते ही नहीं है।

### गृहकार्य पूर्ण नहीं करने पर शिक्षिका ने की बेरहमी से पिटाई

**कांडी।** थाना क्षेत्र के बीपीएम पब्लिक स्कूल ढबरिया में अध्ययनरत एक मासूम छात्र की गृहकार्य पूर्ण नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है। इस संबा में छात्र आयुष कुमार के चाचा रतनगढ़ गांव निवासी आनंद कुमार यादव ने कहा कि उक्त विद्यालय में आयुष यूकेजी का छात्र है। शिक्षिका रेखा ने बच्चे की छड़ी से बेरहमी से पिटाई की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जब विद्यालय के प्राानायापक से इस संबा में बात की गई तो उन्होंने भय दिखाते हुए कहा कि जहां जाना है, वहां जाओ। मैं समझ लूंगा। सवाल यह है कि सरकार का सख्त निर्देश है कि किसी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में अययनरत छात्र-छात्राओं की पिटाई नहीं करनी है। शिक्षक का कार्य मनोवैज्ञानिक तरीके से शिक्षा प्रदान कर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना है। लेकिन यहां तो बच्चों की बेरहमी से पिटाई की जा रही है। अधिक पिटाई से बच्चे मायूस होकर मानसिक संतुलन भी खो सकते हैं।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या, हत्या में शामिल तीनों आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत रपुरा गांव से शुक्रवार की देर रात पुलिस ने उक्त गांव निवासी स्व उपेन्द्र पांडेय के 23 वर्षीय पुत्र मनीष पांडेय नामक युवक का शव झाड़ी से बरामद किया था। जानकारी के अनुसार मनीष पेशे से टेंपू चलाता था। मिली जानकारी के अनुसार मारपीट के बाद गांव के कुछ लोगों ने जाना लेकिन मनीष को अस्पताल नहीं ले जाया गया जिसके कारण मनीष की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला ग्राम रामपुर थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार के निवासी युवक अपने मौसी के यहां रहता था। जिसके द्वारा मनीष की बहन पर संतोष शुक्ला के द्वारा अश्लील टिप्पणी को लेकर दोनों में तनाव था। मृतक मनीष पांडे की बहन को छेड़छाड़ के कारण ही आपसी झगड़ा में अभियुक्तों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना थाना प्रभारी आकाश कुमार को दिया गया। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार तुरंत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहनता से जांच करते हुए शव को अपने कब्जे लिया। उसके बाद हत्याकांड के खुलासा हो और अभियुक्तों को पकड़ा जा सके जिसको लेकर थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी, संजय मुंडा, एएसआई आलोक कुमार, संजय कुमार, चालक मिथिलेश तिवारी सहित अन्य कर्मीयों ने कड़ी मेहनत कर 5 घंटे के भीतर विभिन्न स्थानों से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि रपुरा शिव मंदिर के पास के खेत की झाड़ी से रामपुर गांव निवासी मनीष पांडे का शव बरामद करते हुए, घटना के संबा में छानबीन करने लगे मृतक के बहन के आवेदन पर मझिआंव थाना कांड संख्या 96/24 दिनांक 21 सितंबर 2024 को विभिन्न ाराओं में प्राथमिक की दर्ज करते हुए कांड में तत्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में सम्मिलित पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम डंडीला निवासी (वर्तमान पता ग्राम रपुरा) स्व. रवि शंकर शुक्ला के 21 वर्षीय पुत्र संतोष शुक्ला उर्फ गोलू, रामपुर गांव निवासी अनिल पांडे के 21 वर्षीय पुत्र ओमकार पांडे उर्फ मोहित, बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला थाना कुटुंबा ग्राम रामपुर निवासी श्रीकांत पांडेय के 22 वर्षीय पुत्र सौरभ पांडेय उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया।

## बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का सांसद दिनेश चंद यादव ने उद्घाटन किया

एजेंसी

**सहरसा।** चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं सरस्वती देवी स्मृति 8वीं बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन सांसद दिनेश चंद यादव ने किया। दिनेश चंद यादव ने सर्वप्रथम बिहार हैंडबॉल संघ का झंडो तोलनकर, ग्राउंड का फीता काट एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इस खेल का उद्घाटन किया। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी के संचालन में आयोजित उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह जिला भाजपा अध्यक्ष दिवाकर सिंह, मो अंजुम हुसैन, चंद्रशेखर अधिकारी, विनय यादव, रेवती रमन सिंह, ज्योति सिंह, जिला क्रिकेट संघ के अखिलेश कुमार टूट सहित कई लोग मौजूद थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिवाकर सिंह के माता-पिता स्व चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं स्व सरस्वती देवी के नाम पर आयोजित आठवीं बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का शानदार खेल सहरसा स्टेडियम सहरसा में लगातार जारी है। आयोजन समिति के सचिव रोशन सिंह धोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिहार के 23 जिलों से बालक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

# हेलीकॉप्टर में नहीं भरा जा सका ईंधन, सड़क मार्ग से वाराणसी गये राजनाथ और शिवराज

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर समय पर टेक ऑफ नही कर सका। दोनो मंत्री 1 घंटा 10 मिनट तक अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म हो जाने के कारण ऐसी परिस्थिति हुई। 5 बजकर 54 मिनट पर सड़क के रास्ते दोनो मंत्री वाराणसी रवाना हुए। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि कुछ प्रॉब्लम के कारण सड़क के रास्ते जाना पड़ा है। विधायक भानू प्रताप शाही ने बताया कि उनके हेलीकॉप्टर का ईंधन समय से नही आ पाया। मेदनीनगर में जाम के कारण ईंधन नहीं आ पाया। रविवार को रक्षा मंत्री का जम्मू में कई कार्यक्रम है। ऐसे में सड़क वाराणसी जाने का फैसला लिया गया। रांची में मौजूद वायुसेना का एयर क्राफ्ट वाराणसी जायेगा। हेलीकॉप्टर गढ़वा के लिए उड़ान भरा। वहां ईंधन भरा जाएगा।

### श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा-अर्चना



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री ने श्री बंशीधर जी की आरती उतारी एवं विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे एवं राजेश कुमार पांडेय ने रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री को चुनरी ओढाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उधर मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद झारखंड भारतीय जनता पार्टी की ओर से झारखंड प्रदेश में निकाल जा रहे परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश किया। उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर के बाहर में खड़ा परिवर्तन रथ की भी पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के जवाहर पासवान, विकास कुमार स्वदेशी, मंदिर के कर्मी सुरेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, राजन कुमार आदि मौजूद थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच ने कृषि मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**गढ़वा।** केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौपा। सौंपे गये मांग पत्र में जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं नौकरी में आरक्षण बढ़ाने, झारखंड के किसानों के हित में केंद्रीय सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर बाजार की व्यवस्था उनके उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य देने, किसानों के लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में उनके उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने सहित 11 सूत्री मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य पंकज साहू, केंद्रीय सदस्य शुभम कुमार, अम्बर कुमार, पवन साहू केंद्रीय कार्यालय प्रभारी हिमालय कुमार उपस्थित थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच का जागरूकता अभियान न्याय रथ रवाना



रथ को रवाना करते केंद्रीय सचिव व अन्य

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के जागरूकता अभियान न्याय रथ को शहर के टाउन हॉल से केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, सोनू यादव, डॉ इस्तेयाक राजा आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि यह जागरूकता अभियान न्याय रथ गढ़वा विधानसभा के सभी पंचायत सभी गांव में जा जाकर ओबीसी परिवार को राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से तथा आरक्षण के मुद्दे पर गुलबंद होने का हवन करेगा। आज पूरे प्रदेश में ओबीसी परिवार को राजनीतिक रूप से खासकर गढ़वा विधानसभा में पीछे रखा गया है।

### मुकुरिया में जदयू नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कटिहार।** बारसोई से जदयू नेता रोशन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मुकुरिया पंचायत के जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है। रोशन अग्रवाल ने मुखिया मसलेउद्दीन के आवेदन पर यह पत्र लिखा है। रोशन अग्रवाल ने शनिवार को बातचीत में बताया कि ग्राम पंचायत मुकुरिया की कई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। रोशन अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित इन सड़कों के बनने का पांच साल से अधिक समय बीत गया है। अब इन सड़कों का जीर्णोद्धार कराना आवश्यक हो गया है।

## विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रहा है। जानकारी दी गयी है कि 46.69 प्रतिशत हो गया है, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लैंड सर्वे एंड सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होने वाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आये। प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें।

कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**SHORT e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 207/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of LILO of one circuit of 132 kV D/C 3 phase Madhupur – Jasidih Transmission Line at Devipur (Deoghar) GSS (7.2 KM Approx) on turnkey basis |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 6,57,51,341.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 13,15,100.00 Online mode |
| Completion Period | 18 (Eighteen) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST Online mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 24.09.2024 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 24.09.2024 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 08.10.2024 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 09.10.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(8987421011)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 336430 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice**
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 23/2024-25 Date:-19-09-2024

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from village Khurandi home from arun mehta to Narayan Yadav,Jogender yadav,Dhaneswer yadav Block-Churchu Dist- Hazaribag | 2364900/- | 48000/- | 5000/- | 3 Month |
| 2 | Construction of Boundary wall at upgraded High School Berhmoriya Block-chouparn Dist- Hazaribag | 3327350/- | 67000/- | 5000/- | 4 Month |
| 3 | Construction of Boundary wall at Govt High School Chaithi , Vill-Papro ,Chouparan ,Dist-Hazaribag. | 2870900/- | 58000/- | 5000/- | 3 Month |
| 4 | Renovation of Strong Room and Counting Hall Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Lok Sabha Election-2024 at Hazaribag | 1677000/- | 34000/- | 5000/- | 3 Month |
| 5 | Renovation of Prashasnik Bhawan in Agriculture Market Committee at Hazaribag | 594200/- | 12000/- | 1250/- | 1 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 23-09-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 29-09-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 336518 (Building) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा**
☎ 06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05 वर्ष 2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 30.09.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 01.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 01.10.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, रॉची। 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, रॉची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :-

| क्र०सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | कोवार-कोडरमा पथ में लोहासिकर के पास सुरक्षा की दृष्टिकोण से Extra widening एवं सुरक्षात्मक कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 2200000.00 | 44000.00 | 5000.00 | तीन माह। |
| 2 | | | तिलैया-जयनगर-बगड़ो पथ के 11 वें कि०मी० में आक्तो नदी पर पुल के रेलिंग का विशेष मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | तीन माह। |
| 3 | | | कनीय अभियन्ता, पथ प्रशाखा, डोमचाँच-2 के आवास एवं कार्यालय का मरम्मति एवं फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 2500000.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह। |
| 4 | | | सरिया में अवस्थित कनीय अभियन्ता पथ प्रशाखा सरिया का कार्यालय भवन एवं चाहरदीवारी का मरम्मति फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 2500000.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह। |
| 5 | | | सहायक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल,कोडरमा के आवास का मरम्मति सह फर्निशिंग कार्य/डीप बोरिंग कार्य एवं चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 1500000.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह। |
| 6 | हजारीबाग | कोडरमा | कनीय अभियन्ता, पथ प्रशाखा, राजधनवार के कार्यालय एवं आवास का मरम्मति एवं फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 1500000.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह। |
| 7 | | | गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, कोडरमा के भवन सह प्रयोगशाला का मरम्मति सह सुसज्जीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | तीन माह। |
| 8 | | | कनीय अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, कोडरमा के आवास का मरम्मति सह फर्निषिंग कार्य/डीप बोरिंग कार्य एवं चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 2000000.00 | 40000.00 | 5000.00 | तीन माह। |
| 9 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा के विभिन्न पथों में नालियों का मरम्मति एवं सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25। | 2000000.00 | 40000.00 | 5000.00 | तीन माह। |

➤ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,**GSTiN, UCAN**से संबंधित प्रमाण-पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. **PWD** कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा।

PR.NO.336612 Road(24-25):D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 22/2024-25

दिनांक 20/09/2024

मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कटकमदाग | प्राथमिक विद्यालय, मसरातु टोला कृष्णानगर में चाहरदिवारी एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। (उत्क्रमित मध्य विद्यालय) | 16760300.00 | 10000.00 | 336000.00 | एक वर्ष |
| 2 | कटकमदाग | प्राथमिक विद्यालय, बानादाग का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 12903400.00 | 10000.00 | 259000.00 | एक वर्ष |
| 3 | कटकमदाग | प्राथमिक विद्यालय, हारम में चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 13681200.00 | 10000.00 | 274000.00 | एक वर्ष |
| 4 | कटकमदाग | प्राथमिक विद्यालय, सलगा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 7520500.00 | 10000.00 | 151000.00 | नौ माह |
| 5 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेस के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9940000.00 | 10000.00 | 199000.00 | नौ माह |
| 6 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अडरा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6530000.00 | 10000.00 | 131000.00 | नौ माह |
| 7 | कटकमदाग | ग्राम जूटा में पीपल चौक से गौंदा डैम होते हुए बानादाग एन०एच०-100 जाने वाले पथ का निर्माण। | 9235000.00 | 10000.00 | 185000.00 | नौ माह |
| 8 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य/उच्च विद्यालय, कटकमदाग का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9608000.00 | 10000.00 | 193000.00 | नौ माह |
| 9 | डाडी | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, होशीर में चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 18015800.00 | 10000.00 | 361000.00 | एक वर्ष |
| 10 | डाडी | मध्य विद्यालय, बलसगरा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9581200.00 | 10000.00 | 192000.00 | नौ माह |
| 11 | डाडी | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रिकवा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8539000.00 | 10000.00 | 171000.00 | नौ माह |
| 12 | सदर | के०बी० उच्च विद्यालय, सदर, हजारीबाग के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 18581900.00 | 10000.00 | 372000.00 | एक वर्ष |
| 13 | सदर | उर्दू मध्य विद्यालय, मंडई के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 10249100.00 | 10000.00 | 205000.00 | एक वर्ष |
| 14 | सदर | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर आदि के आवागमन हेतु विविध पथों का निर्माण कार्य। | 8360900.00 | 10000.00 | 168000.00 | नौ माह |
| 15 | सदर | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के ट्रॉमा सेन्टर एवं मरीज निबंधन भवन का उन्नयन कार्य। | 5339300.00 | 10000.00 | 107000.00 | नौ माह |
| 16 | सदर | हजारीबाग स्टेडियम के सामने एन०एच०-33 पर अवस्थित बाजार हाट में विविध निर्माण। | 10995800.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष |
| 17 | केरेडारी | चांदनी चौक से बढ़ई टोला राजपूत टोला होते हुए संसद भवन तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 11048800.00 | 10000.00 | 221000.00 | एक वर्ष |
| 18 | सदर | वार्ड नं०-25 में खिरगांव स्थित नदी में पुल का निर्माण। | 9327000.00 | 10000.00 | 187000.00 | नौ माह |
| 19 | चुरचू | बालीडीह एवं अन्य ग्रामों के ग्राम लारा में जोड़ने वाले बालीडीह नदी पर पुल का निर्माण। | 6363400.00 | 10000.00 | 128000.00 | नौ माह |
| 20 | चुरचू | कजरी खुशी टोला मोड़ से स्वास्थ्य उपकेन्द्र तक पथ निर्माण। | 5221600.00 | 10000.00 | 105000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.10.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.10.24 से 12.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.10.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०-06546 261406 ई-मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 336618 District (24-25)_D

चुनावी दर्पण
खूंटी -तोरपा सीट

# भाजपा के किले में सेंधमारी की तैयारी में कांग्रेस

**सत्येन्द्र**




2024 में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुवाव की तैयारी में तमाम दल जुट गये हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी संभव है। चुनाव आयोग की टीम यहां से लौटने के बाद कभी भी कर सकती है। इसके बावजूद अब तक इंडिया ब्लॉक के दलों और एनडीए में शामिल पार्टियां सीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हो सका है। ऐसे में दोनों खेमे की तरफ से हर सीट पर दावेदारी का दौर शुरू है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के किले में सेंधमारी के बाद कांग्रेस अब खूंटी विधानसभा में जीत सुनिश्चत करने की तैयारी में जुट गयी है। खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की ओर से दर्जनों नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। तोरपा सीट पर झामुमो और कांग्रेस के गठबंधन पर निर्भर करता है कि वहां उम्मीदवार कौन रहेगा। झामुमो ने लगातार इस सीट पर जीत हासिल की है। वहीं इस संबंध में राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि खूंटी की दोनों ही सीटों पर बदलाव के संकेत हैं। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के क्रियाकलापों से वोटरों में भी चेहरे बदलने को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं।

**कांग्रेस के कई नाम चर्चा में :** खूंटी में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने खूंटी और तोरपा पर दावेदारी पेश की है। जिसमें दयामनी बारला के नाम की सबसे अधिक चर्चा है। दयामनी बारला ने तो तोरपा सीट के लिए अपना प्रोफाइल भेजा है। 1995 में शुरू हुआ कोयल कारो आंदोलन से पहचान बनाकर दयामनी बारला आज एक आदिवासी नेत्री के तौर पर जानी जाती हैं। दयामनी आदिवासी-मूलवासियों के मुद्दों को लेकर हमेशा से मुखर रही हैं। वह आप पार्टी के बैनर से 2014 में खूंटी लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। झारखंड विकास मोर्चा से 2019 में खूंटी विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। वहीं तोरपा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पुनीत हेंब्रम रेस में हैं। पुनीत हेंब्रम 1996 से लगातार कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। यही नहीं 2005 के चुनाव में कांग्रेस ने पुनित को उम्मीदवार भी बनाया था, लेकिन झामुमो और कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन के बाद नाम वापस लिया था।

2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर से पुनित को उम्मीदवार बनाया था लेकिन झामुमो प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुणाल कमल कच्छप ने तोरपा सीट पर अपना दावा पेश किया है। इसके अलावा जॉन कंडुलना, बानो निवासी अजीत कंडुलना, हेलेन होरो के नाम की भी चर्चा है।

खूंटी सीट के लिए बिरहु पंचायत से लगातार मुखिया रहे व वर्तमान में जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरुण सांगा, शशि कांत उर्फ अनमोल होरो, बिलसन टोपनो, पांड्या मुंडू, संजीव परिधिया, पौलुष पूर्ति, एडवर्ड हंस, पीटर मुंडू, विलसन वोदरा, बिनसाय मुंडा, स्वर्गीय पूर्व सांसद स्वर्गीय सुशीला केरकेप्ता की पोती सारोन सुरीन (पूर्व उम्मीदवार रोशन सुरीन), रोंबा गुड़िया के नाम की भी चर्चा है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यदि पार्टी लड़ती है, तो जीत तय है।

### कांग्रेस की नजर खूंटी और तोरपा सीट पर

कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी ने अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को गठबंधन के तहत 31 सीटें मिली थी, जिनमें से 17 सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। इस बार कांग्रेस की नजर कुछ और सीटों पर है। इसके लिए पार्टी ने अभी से माहौल बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सीट शेयरिंग और चुनाव मामले पर आलाकमान ही अंतिम निर्णय लेगा।

### भाजपा नेताओं ने जीत का किया दावा

चुनावी समीकरण पर खूंटी से जुड़े भाजपा नेताओं का कहना है कि राजनीतिक षडयंत्र के तहत विरोधी दल के नेता खूंटी भाजपा गुटबाजी की हवा उड़ा रहे हैं। चुनाव की बात करें तो भाजपा पूरी तरह से तैयार है। नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा खूंटी में ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में जीत हासिल करेगी और सरकार बनायेगी। वहीं कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि जमानत जब्त वाले भी जीत का दावा करते हैं।

### तोरपा सीट का इतिहास

2005 के चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल करने के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। इसके पीछे कारण था झामुमो से कांग्रेस का गठबंधन उसके बाद झामुमो की वापसी हुई। 2014 में गठबंधन टूट गया और कांग्रेस ने फिर से पुनीत हेंब्रम को उम्मीदवार बनाया लेकिन झामुमो जीत गया। उसके बाद 2019 में झामुमो ने उम्मीदवार बदला तो भाजपा से कोचे मुंडा ने तोरपा सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार कांग्रेस अगर खूंटी और तोरपा पर उम्मीदवार दे तो दोनों सीट कांग्रेस की झोली में होगी।

## खड़े डंपर से टकरायी तेज रफ्तार कार, चार की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र में शनिवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर हरनागरपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार पहले से खड़े डंपर से जा टकरायी । इस दुर्घटना में कार में सवार दो महिलाओं और एक बच्चा समेत चार लोगों की मौके पर मौत हो गयी।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तितलियों का सर्वे शुरू

**भोपाल।** बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में शुक्रवार से तीन दिवसीय तितली सर्वे का काम प्रारंभ हो गया है। नौ रेंज में 60 वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ वनकर्मी 20 कैम्प में तितली की विभिन्न प्रजातियों को एप में कैद किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वन क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी व तितलियों की प्रजाति ज्ञात करना है। जनसंपर्क अधिकारी गजेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि टाईगर रिजर्व प्रबंधन अनुसार बांधवगढ़ के सभी 9 रेंज (कोर व बफर रेंज) में यह सर्वेक्षण का काम चलेगा। जानकारी अनुसार 1536 वर्ग कि.मी. में फैले बांधवगढ़ के भीतर करीब 70 तितलियों की प्रजाति पाई जाती हैं। खासबात यह है कि टीम में शामिल नेचरलिस्ट, बीटगार्ड व श्रमिकों के साथ कैम्प में रहेंगे।

# हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे : शाह

**एजेंसी**



**मेंढर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया पाकिस्तान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डर से जम्मू सीमा पर संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं कर पा रहा है और, अगर वह भारतीय सेना पर एक भी गोली चलाता है, तो उसका जवाब तोप के गोले से दिया जायेगा। जम्मू क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के लिए राजनीतिक प्रचार शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने भाषण में पाकिस्तान पर हमला किया है। श्री शाह ने आज जम्मू क्षेत्र के मेंढर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाएं खामोश हैं और मेंढर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान को सीमा पर किसी भी तरह की दुस्साहस न करने की चुनौती देते हुए कहा,ह्ल पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के समय में, इस क्षेत्र में सीमा पार से लगातार गोलाबारी होती थी। गोले की गर्जना बंद हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर गया है। अगर पाकिस्तान गोली चलाकर कोई शरारत करता है तो हम तोप के गोले से जवाब देंगे।

श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए डॉ.अब्दुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा,ह्लवर्ष 1990 से यह जगह आतंकवाद के खतरे से तबाह हो गई है। नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस के शासन में पहाड़ी, गूजर और बकरवाल अपने अधिकारों से वंचित थे।

उन्होंने कहा कि नेकां प्रमुख युवाओं के हाथों में बंदूकें देकर उनका भविष्य बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा,ह्लहम पुलिस, सेना और अन्य बलों में भर्ती के जरिए पहाड़ी, गूजर और बकरवाल के हाथों में बंदूकें देंगे ताकि वे पूरी ताकत से आतंकवाद से लड़ सकें और अपनी मातृभूमि को बचा सकें।

श्री शाह ने कहा,ह्लमैं आपको बता दूं कि अगर डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला खुद को उल्टा भी कर लेंगे, तो भी हम पहाड़ी आरक्षण नहीं करेंगे। हम पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को पदोन्नति में आरक्षण देंगे। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी (कांग्रेस) परिवारों पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ये तीन परिवार 40,000 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ह्लइन तीन परिवारों की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव नहीं हुए। आज, पंचायतों, ब्लॉक और जिलों के 30,000 से अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र का आनंद ले रहे हैं।

मेंढर से भाजपा उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने समुदाय के लिए आरक्षण मांगने वाले मुर्तजा पहले पहाड़ी व्यक्ति थे। उन्होंने कहा,ह्लवह अक्सर मुझसे पहाड़ियों को आरक्षण के बारे में ज्ञापन लेकर मिलते थे। मैंने एक बार उनसे कहा था कि आरक्षण जरूर दिया जाएगा, क्या आप (मुर्तजा) भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। फिर उन्होंने जवाब दिया कि अगर मैं (शाह) मेंढर में एक रैली करूंगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे।

श्री शाह ने कहा,ह्लआज मुर्तजा चुनाव लड़ रहे हैं और मैं यहां एक रैली को भी संबोधित कर रहा हूं। यदि आप उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे, तो मैं यहां एक रात ठहरने के लिए आऊंगा।ह्लसाथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का जम्मू को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उन्नत करने का विजन है।

# अमेरिका में मोदी का भव्य स्वागत राष्ट्रपति से की लंबी बातचीत

## कल यूएनओ महासभा को संबोधित करेंगे मोदी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली, वाशिंगटन।** पीएम मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल में शनिवार को 9वीं बार अमेरिका दौरे पर पहुंचे हैं। तीन दिवसीय दौरे पर वहां पहुंचे नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर प्रवासी भारतीय उनके स्वागत में खड़े थे। जैसे ही पीएम मोदी बाहर निकले उनसे मिलने और सेल्फी लेने वालों की होड़ मच गयी। पीएम मोदी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और उन्हें अपना हस्ताक्षर के साथ-साथ सेल्फी भी खिंचाया। वहां से पीएम मोदी बाइडेन के होम स्टेट डेलावेयर पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बाइडेन से उनके होमस्टेट डेलावेयर में मुलाकात की। 23 को यूएनओ महासभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन के पूर्व उन्होंने कहा, मैं क्वाड शिखर सम्मेलन में अपने सहयोगियों राष्ट्रपति बाइडन, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं। यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है।

राष्ट्रपति बाइडन द्वारा आयोजित लेने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। 22 को पीएम मोदी लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले भविष्य के शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

### बाइडन ने मोदी को बताया मित्र

राष्ट्रपति जो बिडेन पीएम मोदी को मित्र बताया और उनका स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अल्बानसे और किशिदा का अपने घर डेलावेयर में स्वागत करूंगा। ये नेता न केवल एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं, वे मेरे और हमारे राष्ट्र के मित्र हैं।







# आतिशी ने ली दिल्ली की सीएम पद की शपथ

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** आम आदमीं पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को यहां राज निवास में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ अन्य पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आतिशी को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई। श्री सक्सेना ने उनके साथ उनके पाँच कैबिनेट मंत्रियों में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को शपथ दिलाई गई। इनमें से चार केजरीवाल सरकार के दौरान भी मंत्री थे, जबकि मुकेश अहलावत को पहली बार कैबिनेट में शामिल किया गया है। श्री अहलावत सुल्तानपुर माजरा से आप विधायक हैं जो आरक्षित सीट है। वह 2020 में पहली बार विधायक बने थे। उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद श्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे से पहले आप के विधायक दल की बैठक में कालकाजी से विधायक आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया था।

राज निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई विधायक मौजूद थे। शपथ के बाद अतिशी ने केजरीवाल के पांव छूकर आशीर्वाद लिया।

## जवानों की शहादत पर खड़गे-प्रियंका ने जताया शोक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू कश्मीर में बीएसएफ के चार जवानों के सड़क हादसे मेंमौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर जाते वक्त बस के खाई में गिरने से हुए हादसे में जवानों की मृत्यु पर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री खडगे ने कहा ह्लजम्मू- कश्मीर के बडगाम में भयानक त्रासदी के बारे में सुनकर बेहद दुख हुआ, जहां चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस के खाई में गिर जाने से 4 बीएसएफ जवानों की जान चली गई और लगभग 28 जवान घायल हो गए। बहादुरों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। उन्हें इस अपूरणीय क्षति से उबरने की शक्ति मिले। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं, हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रियंका ने कहा, चुनाव ड्यूटी पर जाते हुए सेना की बस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ये हादसा हुआ।

# वायु सेना के नये प्रमुख बने एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्हें 30 सितंबर से वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें मौजूदा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंप गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी 30 सितंबर को सेवानिवृत होंगे। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र, वायु अधिकारी एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के स्थिर और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। एक परीक्षण पायलट के रूप में, उन्होंने मॉस्को, रूस में मिग-29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक (उड़ान परीक्षण) भी रहे हैं और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान, तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी की महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

# दुर्गा पूजा में बंगाल को इलिश माछ देने को बांग्लादेश तैयार

**एजेंसी**



**ढाका।** आखिरकार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारतीय बंगाली सनातन हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा पर हिलसा (इलिश) मछली देने को तैयार हो गई है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार भारत के पश्चिम बंगाल में सनातन हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को भारत को 3,000 टन हिलसा मछली के निर्यात को मंजूरी दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय की विज्ञप्ति में निर्यात की जाने वाली हिलसा की कीमत नहीं दशार्यी गई है। महत्वपूर्ण यह है कि 2023 में दुर्गा पूजा के लिए 5,000 टन हिलसा का निर्यात किया गया था। कुछ समय पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत के साथ अपने 'हिल्सा कूटनीति' को जारी रखने के लिए कोलकाता स्थित मछली आयातक संघ के अनुरोध को ठुकरा दिया था। अंतरिम सरकार ने कहा था कि उसका निर्यात से अधिक अपनी घरेलू मांग को प्राथमिकता देना है। नौ अगस्त को बांग्लादेश सरकार के सलाहकार तौहीद हुसैन को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था कि पिछले वर्षों की तरह सीमित हिल्सा व्यापार की अनुमति दी जाए। अंतरिम सरकार में मत्स्य और पशु संसाधन मंत्रालय की सलाहकार फरीदा अख्तर ने बढ़ती घरेलू मांग का हवाला देते हुए मांग को खारिज कर दिया था। इससे यह आशंका घर कर गई थी इस बार पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा का त्योहार बिना हिलसा के मनेगा। इस मछली को पद्मा इलिश भी कहते हैं। यह बांग्लादेश की पद्मा नदी से मिलने वाली हिल्सा मछली होती है। इस मछली को बंगाल का खास पकवान माना जाता है।

हालांकि बाजार में म्यांमार और गुजरात की हिल्सा भी उपलब्ध है लेकिन बांग्लादेश की हिलसा की तुलना में इसे कम स्वादिष्ट माना जाता है।

